*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
14 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 295

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

एयरफोर्स ने 68 हजार जवानों को लद्दाख पहुंचाया, 90 टैंक भी एयरलिफ्ट किये






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,800 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो



# चार चुनावी राज्यों में किधर जायेंगे आदिवासी मतदाता

## ■ इन राज्यों में विधानसभा की कुल 113 सीटें हैं जनजातियों के लिए आरक्षित

## ■ छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस परेशान, उठाना पड़ सकता है नुकसान

## ■ राजस्थान और तेलंगाना में हवा का रुख अब तक तय नहीं, सभी दल जुटे

**आजाद सिपाही विशेष**

देश में अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले लोकसभा चुनाव से पहले अगले चार महीने में चार राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। चूंकि अब चुनाव नजदीक है, इसलिए सीटों और वोटों के समीकरणों को साधने के लिए कोशिशें तेज हो गयी हैं, जुगाड़ शुरू हो गये हैं। वोटरों के वर्गीकरण और सीटों के समीकरण में आदिवासी वोटर बेहद अहम माने जाते हैं। इसलिए आदिवासियों के हितों के लिए राजनीतिक दल अपने-आपको प्रोजेक्ट करने में लग गये हैं। क्या भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन और क्या कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों का गठबंधन, सभी में आदिवासियों को अपने पक्ष में करने की होड़ मच गयी है। जहां तक आदिवासी सीटों की संख्या का सवाल है, तो इन चार चुनावी राज्यों में कुल 113 विधानसभा सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, हालांकि 104 अन्य सीटों पर आदिवासी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस तरह 217 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए सभी दल अभी से ही सक्रिय हो गये हैं। इन चार चुनावी राज्यों में आदिवासी सीटों का अब तक का समीकरण कह रहा है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का रास्ता मुश्किल भरा हो सकता है, जबकि राजस्थान और तेलंगाना में हवा का रुख अब तक साफ नहीं है। भाजपा ने आदिवासी वोटरों को साधने के लिए राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू को बिठा कर जो दांव चला था, उसकी काट खोजने में कांग्रेस को मुश्किल हो रही है। तो फिर इन चार राज्यों में आदिवासी वोटर किस तरफ झुक सकते हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



इस साल के अंत तक चार राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। ये चुनाव अगले साल के पूर्वार्द्ध में होनेवाले लोकसभा चुनावों के सेमीफाइनल माने जा रहे हैं, इसलिए दोनों पक्ष इसे जीतने के लिए अभी से ही सक्रिय हो गये हैं। इन चार चुनावी राज्यों में भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही एक-दूसरे को मात देने की कोशिशें कर रहे हैं, जो स्वाभाविक ही है। इन कोशिशों का एक कोण आदिवासी मतदाता भी हैं, जिनके लिए इन राज्यों की 113 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं और बाकी 104 सीटों पर वे जीत-हार में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी दल इन आदिवासी वोटरों को साधने में लगे हैं।

### चुनावी राज्यों में आदिवासी सीटों के समीकरण

मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं। ये सीटें मुख्य रूप से शहडोल, डिंडोरी, मांडला, अलीराजपुर और झाबुआ इलाके में हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय के लिए 29 सीटें और राजस्थान में 25 सीटें आरक्षित हैं। तेलंगाना की 119 सीटों में से 12 सीटें आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 47 सीटें आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित रखी गयी हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 27 आदिवासी सीटों पर सफलता मिली थी, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 31 तक पहुंच गया था।

### चुनावी राज्यों में आदिवासी वोटों का समीकरण

जहां तक इन चार चुनावी राज्यों में आदिवासी वोटों के समीकरण का सवाल है, तो यह बेहद उलझा हुआ है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वोटों का मसला भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए कुछ चिंता पैदा करनेवाला है। आदिवासी समुदाय के बड़े नेता अरविंद नेताम ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर छत्तीसगढ़ की सभी आदिवासी सीटों और कुछ अन्य सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। सर्व आदिवासी समाज मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में भी आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित सीटों पर भी चुनाव लड़ने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो इन सभी चुनावी राज्यों के चुनाव में एक नया समीकरण पैदा हो जायेगा, जो भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही नुकसान पहुंचा सकता है।

मध्यप्रदेश में आदिवासी मतदाताओं का रुझान भाजपा और कांग्रेस में बंटा हुआ है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इन पर काफी हद तक कब्जा कर लिया था। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में भाजपा का जादू चला था, तो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा का लगभग सफाया कर दिया था। उसने सबसे ज्यादा आदिवासी सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार भी कांग्रेस का आदिवासी सीटों पर दावा मजबूत माना जा रहा था, लेकिन उसके बागी नेता अरविंद नेताम ने पार्टी की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। यदि सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासी समुदाय के मतदाताओं के एक हिस्से को आकर्षित किया, तो भाजपा-कांग्रेस के समीकरण बदल सकते हैं।

राजस्थान में कांग्रेस आदिवासी बहुल सीटों पर कब्जा करने की पूरी कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने आदिवासी समुदायों के लिए विशेष योजनाओं की शुरुआत कर उन्हें कांग्रेस की ओर आकर्षित करने का काम किया है। उन्होंने आदिवासियों को देश का असली मूल निवासी बता कर उनकी भावनाओं को अपने साथ जोड़ने का काम किया है। वहीं, भाजपा भी गुजरात से सटे आदिवासी इलाकों में बड़े नेताओं की मौजूदगी करा कर उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है।

### बीआरएस ने भी आदिवासी समुदाय की सीटों पर लगाया जोर

राज्य के निर्माण के बाद तेलंगाना में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की दावेदारी कर रही भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी आदिवासी मतदाताओं को लुभाने की पूरी कोशिश की है। आदिवासी दिवस पर बीआरएस नेता के कविता ने कहा है कि उनकी सरकार आदिवासी हितों के लिए पूरी तरह तैयार है। समान नागरिक संहिता से आदिवासी समुदाय के पारंपरिक रीति-रिवाजों पर असर पड़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी समुदाय के लोगों के हितों की पूरी तरह रक्षा करेगी। समान नागरिक संहिता से आदिवासी समाज को प्रभावित न होने देने का दावा चुनाव से जोड.कर देखा जा रहा है। के कविता ने कहा है कि हाल के वर्षों में आदिवासियों के अधिकारों में कटौती कर उनके जल जमीन और जंगल पर कब्जा किया जा रहा है। समुदाय लगातार संघर्ष कर रहा है। आदिवासी समाज की इस लड़ाई में बीआरएस उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यूसीसी कानून लाकर उसके जरिये आदिवासियों और एससी समुदाय के अधिकार को सीमित कर देना चाहती है, लेकिन बीआरएस किसी भी हालत में ऐसा नहीं होने देगी।

### भाजपा की कोशिशें तेज, संघ भी सक्रिय

उधर इन राज्यों में भाजपा ने आदिवासियों को साधने के लिए योजनाओं और घोषणाओं की बौछार कर दी है। भाजपा बैठकों के जरिये कार्यकर्ताओं को आदिवासियों के बीच पार्टी की बात रखने की ट्रेनिंग दे रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी आदिवासियों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मिशन 2023 को ध्यान में रखते हुए संघ बीते एक साल से आदिवासी इलाकों में विशेष अभियान चला रहा है। आदिवासी बहुल जिलों में संघ की शाखाओं को दोगुना करने का टारगेट रखा है। धर्मांतरण रोकने के लिए इन क्षेत्रों में जन जागरूकता और संस्कार शालाएं भी बढ़ायी गयी हैं। संघ ने आनेवाले दिनों में कई छोटे-बड़े कार्यक्रम और सभाएं इन्हीं जिलों में आयोजित करने की योजना बनायी है। यही नहीं, आदिवासियों को अपने पाले में फिर से मिलाने के लिए भाजपा हरसंभव प्रयास कर रही है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी और सरकार ने अपना पूरा फोकस आदिवासी वोटरों पर शिफ्ट कर दिया है। आदिवासियों को लेकर भाजपा का आउटरीच प्रोग्राम पूरी तेजी से चल रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान भाजपा का आदिवासी और आदिवासी प्रतीकों पर फोकस साफ नजर आया है।

### कांग्रेस इस तरह साध रही आदिवासियों को

दूसरी तरफ कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार भी आदिवासी समुदाय को लुभाने में जुट गये हैं। कांग्रेस लगातार आदिवासी वर्ग के मुद्दे उठा कर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं योजनाओं को जाति-वर्ग में बांटने की बजाय सभी के लिए घोषित करते हुए आदिवासी वर्ग को भी साथ जोड़ रही है। कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि आदिवासी नेताओं और विधायकों को आदिवासी क्षेत्रों का दौरा करने और आदिवासियों के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश दे दिये हैं। पार्टी ने अगले छह माह के लिए प्लान ऑफ एक्शन भी तैयार किया है। इसके तहत पार्टी लगातार आदिवासी अंचल में पड़नेवाली विधानसभा सीटों पर मेहनत-मशक्कत करेगी।

---

### पेसा कानून लागू नहीं करने की मांग को लेकर राजेंद्र प्रसाद ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-

# जल, जंगल, जमीन पर सदानों का भी अधिकार, सिर्फ एक वर्ग के संरक्षण से सदानों में बढ़ रहा है असंतोष

**रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि आपने पेशा कानून पर सुझाव मांगा है। मेरा मानना है कि राज्य में सिर्फ एक वर्ग के संरक्षण से सदानों में असंतोष पनप रहा है। इसलिए पेसा कानून को लागू नहीं किया जाये। पढ़ें पत्र-**

***प्रिय हेमंत सोरेन जी,***

*पेसा एक्ट को लागू करने के संदर्भ में सरकार ने सुझाव मांगा है। झारखंड की वास्तविकता से आप भली-भांति अवगत हैं।*

PESA act *अर्थात* panchayat act of schedule area



*यह केंद्रीय कानून है। इसे 1996 में अनुसूचित जनजाति के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया। झारखंड में इस कानून को लागू करने के लिए जो सलाह मांगी गयी है, यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। झारखंड राज्य का गठन भाषा, संस्कृति के साथ-साथ अनुसूचित जनजाति और मूलवासी सदानों के हितों को ध्यान में रख कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। यह सच्चाई है कि झारखंड एक मूलवासी सदान बाहुल्य क्षेत्र है, जहां 65% मूलवासी सदान हैं और 26 प्रतिशत आबादी जनजातियों की है। 9 प्रतिशत आबादी गैर आदिवासी प्रवासियों की है। जनजाति आबादी मुख्य रूप से संथाल और रांची जिला (पुराना) में फैले हुई है। जनजाति आबादी पलामू क्षेत्र में भी है।*

*ट्राइबल में संथाल सबसे बड़ा ग्रुप है। उसके बाद मुंडा, उरांव, खड़िया, हो जनजाति आती हैं। इनके अलावा ट्राइबल में अनेक छोटे वर्ग में भोगता को भी शामिल किया गया है।*

*झारखंड को जो जानता है, उसको पता है कि यहां का ट्राइबल कल्चर सिर्फ जनजाति वर्ग तक ही सीमित नहीं है। यहां के जो मूलवासी सदान हैं, उन्हें इतिहासकारों और लेखकों ने सबसे पुराना वाशिंदा बताया है। जनजाति और सदान हजारों वर्षों से एक साथ रहते आये हैं और इन दोनों का रहन- सहन, खान -पान एक जैसा है। यही कारण है कि कुर्मी, तेली जाति भी अपने को जनजाति घोषित कराने के लिए आंदोलित है। सदान समुदाय एक ऐसा वर्ग है, जो कृषि क्षेत्र में एक्सपर्ट रहा है। अब सरकार द्वारा पेसा पर लोगों की सलाह मांगी जा रही है। अगर झारखंड में पेसा को लागू कर दिया जायेगा, तो फिर 65% मूलवासी सदानों का क्या होगा? सदान को राज्य सरकार ने अलग से कोई मान्यता प्राप्त दर्जा नहीं दिया है। राज्य में मूलवासी सदानों को गैर आदिवासी की श्रेणी में ही रखा है। इससे उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। 74% गैर आदिवासी के साथ ही इनकी गिनती होती है। ऐसे में पेसा लागू कर दिया जाता है, तो फिर 74% राज्य की बहुत संख्यक आबादी का क्या होगा? इसमें तेली, कुर्मी राज्य की बहुत बड़ी आबादी है। उदाहरण के तौर पर सरना जनजाति करमा पर्व मनाती है और मूलवासी सदान भी। मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक बड़ा समुदाय है, जिसमें अगड़े, पिछड़े, दलित सभी आते हैं। पंचायत हो या ग्रामसभा वर्तमान में सारे अधिकार जनजाति को चला गया है। झारखंड के 112 बारह प्रखंडों में मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, पंचायत के सारे पद अनुसूचित जनजाति के लिए पूरी तरह आरक्षित हैं। ऐसे में जनजाति और सदानों के बीच एक बड़ी खाई बनती जा रही है, जो झारखंड के हित में नहीं है। मूलवासियों को चुनाव लड़ने का अधिकार ही नहीं है। बहुत सारी पंचायतों में जनजाति की आबादी नहीं होने के कारण वहां चुनाव भी नहीं हो पाया था। पूर्वी सिंहभूम और रांची जिला का कुछ इलाका ऐसा भी है, जहां जनजाति आबादी बहुत कम है। यदि पेसा कानून लागू हो गया, तो सारे अधिकार एक वर्ग में निहित हो जायेंगे।*

*मूलवासी सदान में हिंदू -मुस्लिम सभी आते हैं। राज्य के 74 प्रतिशत गैर आदिवासियों में करीब पचपन (55) प्रतिशत ओबीसी के वर्ग हैं।*

*पेसा कानून लागू हुआ, तो ये अपने अधिकारों से वंचित हो जायेंगे। अभी भी पंचायत चुनाव में अलग ही हैं। यदि पेसा कानून को लागू ही करना है, तो इस कानून के अंदर यहां के मूलवासी सदान को भी शामिल किया जाये तथा उनको भी पंचायत, ग्रामसभा में वही अधिकार दिया जाये, जो आदिवासी को दिया गया है। साथ ही यहां के जल, जंगल, जमीन पर उनका भी उतना ही अधिकार है जितना जनजाति वर्ग का है। यही कारण है कि सीएनटी एक्ट में सभी को मिल कर अबॉर्जिनल शब्द का प्रयोग किया जाता था। सदान समुदाय के फ्रीडम फाइटर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, शेख भिखारी, पांडे गणपत राय, अमर शहीद बख्तर साय, अमर शहीद वीर मुंडल सिंह ने देश की आबादी के लिए अपनी शहादत दी। झारखंड अलग राज्य के लिए प्रमुख आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो सहित अनेकों सदानों ने अपनी शहादत दी है।*

*सैकड़ो वर्षों से झारखंड में सभी अबॉर्जनल एक साथ मिल कर रहते आये हैं। उनके बीच प्रेम सौहार्द्र है। यदि किसी वर्ग को स्पेशल कानूनी संरक्षण दिया गया, तो दूसरे वर्ग में असंतोष बढ़ेगा, जिसके कारण सामाजिक दूरी बढ़ेगी।*

*ऐसे भी हमारे संविधान में जनजाति वर्ग को अनेक सुविधाएं दी गयी हैं। लोकसभा और विधानसभा की कई सीटें आरक्षित हैं। विधानसभा में 28 सीट उनके लिए आरक्षित है। उनकी भूमि की रक्षा के लिए सीएनटी-एसपीटी एक्ट लागू है। इसके बाद भी यदि पेसा लागू कर दिया गया, तो यहां की 74 प्रतिशत जनसंख्या कहां जायेगी। यदि पेसा कानून लागू किया जाता है, तो इसमें मूलवासी सदानों को भी शामिल किया जाये।*

---

# दुमका के पथरिया गांव के बांध में चार बच्चे डूबे

**नहाने के क्रम में हुआ हादसा, गांव में पसरा मातम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के पथरिया गांव स्थित बांध में डूबने से रविवार को चार मासूमों की मौत हो गयी। मरने वालों में तीन बच्ची और एक बच्चा शामिल है। सभी की उम्र 10 से 12 वर्ष बतायी जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पथरिया बांध में गांव के चार बच्चे नहाने गये हुए थे, तभी अचानक बच्चे गहरे पानी में उतर गये, जहां डूबने से चारों की मौत हो गयी।

घटना की जानकारी जब परिजनों को मिली, तो वे बांध के पास पहुंचे। कुछ ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश की और बाद में पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों के शव को बांध से निकाला। इसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मरनेवाले बच्चों में पिंडरा गांव निवासी श्याम यादव का पुत्र कुंदन कुमार (12 वर्ष), सुबोध मांझी की बेटी रेखा कुमारी (10 वर्ष), छविकांत मांझी की बेटी ज्ञान गंगा कुमारी (12 वर्ष) और संतोष मांझी की बेटी नंदिनी कुमारी (10 वर्ष) शामिल हैं।

# झारखंड के चर्चित गीतकार डब्बू महली ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चर्चित गीतकार डब्बू महली ने रविवार की सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। डब्बू महली लालपुर थाना क्षेत्र स्थित करम टोली चौक के पास रहते थे। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और आगे की जांच में जुटी हुई है। डब्बू महली ने आत्महत्या क्यों की है, इसका पता नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही सही कारण का पता चल पायेगा।

www.epaper.azadsipahi.in

14 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 295



चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर इजराइली ड्रोन तैनात, दोनों सीमाओं की एक साथ निगरानी करेंगे




## न्यूज रील्स

### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी में तिरंगा लगाया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदल ली है। उन्होंने फेसबुक और ट्विटर पर अपने अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगे झंडे की तस्वीर लगायी है। मोदी ने देशवासियों से भी ऐसा करने की अपील की है। पीएम ने ट्वीट कर लोगों से कहा कि देश के साथ अपने रिश्ते को और गहरा करने की दिशा में सहयोग करें और ये कदम उठायें।

### जम्मू में निकली तिरंगा यात्रा, लालकिले पर फुल ड्रेस रिहर्सल

श्रीनगर/दिल्ली। 77वें स्वतंत्रता दिवस से पहले रविवार को देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। श्रीनगर में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त के लिए तीनों सेनाओं ने फुल ड्रेस रिहर्सल की।

### वायनाड में राहुल गांधी बोले : आदिवासी देश के असली हकदार

वायनाड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड दौरे का रविार को दूसरा दिन था। उन्होंने डॉ अंबेडकर डिस्ट्रिक्ट मेमोरियल कैंसर सेंटर में पावर फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इसके लिए उन्होंने सांसद निधि से 50 लाख रुपये भी दिये। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में इस वक्त दो विचारधाराओं के बीच जंग छिड़ी हुई है। हम आपको आदिवासी मानते हैं, यानी इस देश के असली हकदार।

**डुमरी उपचुनाव : भाजपा और आजसू की हुई बैठक, बनी सहमति**

# यशोदा देवी एनडीए की प्रत्याशी होंगी, 17 को नामांकन करेंगी

- आलोचना करना आसान, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करना कठिन: सुदेश महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को मतदान होगा। इसे लेकर भाजपा और आजसू पार्टी की भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए का प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया गया। यशोदा देवी आजसू से हैं। उन्होंने 2019 में भी चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहीं थी। बैठक में एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगी एक साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से उपचुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यशोदा देवी 17 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के साथ-साथ आजसू पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी और भाजपा के प्रदेश के प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

**मिलन समारोह में थामा पार्टी का दामन :** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े हुए युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजनीति की आलोचना करना आसान है, लेकिन राजनीति में आ कर जमीनी स्तर पर काम करना कठिन। ऊपर से नीचे आना बड़ी बात है। आलोचना करने की जगह अपने राजनीति से जोड़ने का काम किया यह परिवर्तन की एक नयी शुरुआत है।

**शामिल युवाओं का बढ़ाया उत्साह :** सुदेश ने पार्टी में शामिल हुए युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कठिन चुनौती है। लोगों की मानसिकता और विश्वास को जितना एवं प्रतिस्पर्धा में अपने आप को खड़ा करना कठिन चुनौती है। झारखंड के लोगों में उनके जीवन स्तर में कैसे परिवर्तन लाया जा सकता है? आपके राजनीतिक भागीदारी से सकारात्मक बदलाव एवं स्वस्थ राजनीति स्थापित करने में बल मिलेगा। आपके शामिल होने से देश और राज्य को बेहतर बनाने के दिशा में बल मिलेगा। उन्होने कहा कि आज की राजनीति दूसरों की गलतियों से चल रही है। चुनाव लड़ने वाले नेता यह सोच कर बैठा है कि सामने वाला गलती करेगा तो उसका फायदा हम उठायेंगे, लेकिन हमारी पार्टी अपनी काबिलियत के दम पर चुनाव लड़ती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को राज्य के भलाई में लगाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारी पार्टी सत्ता के लिए जनता की सेवा नहीं करती हम सरकार में हो या न हो जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जितने ज्यादा लोग जुड़ेंगे और अपने अपने क्षेत्र में काम करेंगे विकास की रफ्तार उतनी ही तेज होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन मुंडा, मुकुलचंद्र मेहता उपस्थित थे।

### आज राजनीति में अच्छी प्रतिस्पर्धा नहीं

सुदेश महतो ने कहा कि आप व्यक्तिगत जीवन में सफल है। जीवन के अनुभव को राजहित में लगाना चाहते हैं सार्वजनिक जीवन में योगदान देना चाहते हैं। आज राजनीति में अच्छा करने की प्रतिस्पर्धा नहीं है। एक दूसरे की कमी को आधार मानकर राजनीति की जाती है। आप निपुण है आप में नेतृत्व क्षमता है। क्षमतावान व्यक्ति राज के वर्तमान स्थिति को स्वीकार नहीं करते हम नया उदाहरण स्थापित करेंगे। अपने यक्तिगत जीवन में एक मुकाम को हासिल करने के बाद आप सभी जमीन पर उतर कर काम करना चाह रहे हैं यह एक सकारात्मक सोच का परिणाम है। इस तरह से हम देश एवं राज्य में एक स्वस्थ राजनीति का निर्माण कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉल ऑफ रांची का किया उद्घाटन

## रातू रोड में 2.5 लाख स्क्वायर फीट में बना है मॉल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के रातू रोड में मॉल ऑफ रांची का रविवार को शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसका उद्घाटन किया। हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक प्रकाश झा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे और जिला डीसी राहुल कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे। इसके बाद देर शाम मॉल के ग्रैंड ओपनिंग के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन आइडल स्टार पवनदीप रंजन और अरुनिता ने समां बांधा। कार्यक्रम का लाइव शो भी हुआ। लोगों ने जम कर इसका आनंद उठाया। गौरतलब है कि मॉल ऑफ रांची 2.5 लाख स्क्वायर फीट में बना है। रांची का यह एक ऐसा मॉल है, जहां एक छत के नीचे हर चीज की आप खरीदारी कर सकते हैं। मॉल में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के फैशन, लाइफस्टाइल, और मनोरंजन के लिए एक लोकप्रिय स्टॉप हैं। खरीददारी से लेकर मनोरंजन तक और हर तरह के भोजन का आनंद यहां लिया जा सकता है।

मॉल ऑफ रांची के निदेशक नीतिश अग्रवाल ने बताया कि लोगों को शहर छोड़े बिना प्रीमियम खरीदारी का मौका मिलेगा। मॉल में 60 प्रतिशत हिस्सा मनोरंजन और आराम कार्यक्रमों के लिए बनाया गया है। मॉल में खरीदारी का अलग अनुभव मिलेगा। नये मल्टीप्लेक्स में बड़ी स्क्रीन पर फिल्म देख सकेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिए इनडोर मनोरंजन केंद्र भी है।

### हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना के साथ देखी फिल्म गदर-टू



रांची (आजाद सिपाही)। मॉल के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ वहां फिल्म गदर-टू भी देखी। वह टिकट काउंटर पर गये और खुद टिकट खरीदा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भी फिल्म देखने का शौक है, लेकिन समय के अभाव के कारण फिल्म नहीं देख पाते हैं। हेमंत ने कहा कि दोनों पति-पत्नी ने एक साथ कब फिल्म देखी, यह याद नहीं है।

# बड़कागांव पुलिस की दबंगई, जमीन मलिक के परिजनों को हाजत में बंद करके पीटा

- अब फोन पर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** वैसे तो खाकी वर्दी की दबंगई चारों तरफ चर्चित है, लेकिन हजारीबाग के बड़कागांव की पुलिस की दबंगई की बात ही कुछ और है। बड़कागांव पुलिस जमीन कब्जा भी करवा रही है। वह जमीन मालिक को दो बार थाना हाजत में बंद कर देती है, जबरन एग्रीमेंट करा देती है और अब दबाव यह दे रही है कि बगैर पूरा भुगतान किये जमीन दूसरे के नाम रजिस्ट्री कर दी जाये। दूसरे पक्ष का एक सदस्य इंडिया रिजर्व बटालियन (आइआरबी) में है।

**क्या है मामला :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बिश्रामपुर गांव निवासी मुरली महतो की पत्नी लक्ष्मी देवी के नाम से हजारीबाग शहर के हुरहुरू मोहल्ला में करीब तीन डिसमिल जमीन है। इस जमीन का सौदा बड़कागांव के गोंदलपुरा गांव निवासी कुलदीप महतो के साथ 12.30 लाख रुपये में हुआ था। पांच मार्च 2022 को दोनों के बीच एग्रीमेंट हुआ, जिसमें तय हुआ था कि पांच जून 2022 तक पूरा पैसे का भुगतान कर दिया जायेगा। उसने दो किस्तों में तीन लाख रुपये दिये। लेकिन समय पर पूरे पैसे का भुगतान नहीं हुआ। एग्रीमेंट का करीब एक साल गुजर गया।

**14 जुलाई 2023 को दो भाइयों को उठाया :** कुलदीप महतो की पत्नी आइआरबी में आरक्षी है। इस परिवार के कुछ लोग बड़कागांव थाना और सीनियर अधिकारियों के पास गये। उन्होंने आरोप लगाया कि लक्ष्मी देवी रजिस्ट्री नहीं कर रही हैं। उन्होंने यह तथ्य छिपा लिया कि उन्होंने एग्रीमेंट के अनुसार पूरी रकम का भुगतान नहीं किया है। बड़कागांव पुलिस 14 जुलाई को जमीन मालिक लक्ष्मी देवी के दो पुत्रों, सुमित कुमार और अर्जुन कुमार को थाना ले आयी। दोनों को पीटा भी गया। घटना की जानकारी सीनियर आइपीएस अधिकारियों को उसी समय दी गयी थी। पुलिस ने उन दोनों को तब छोड़ा, जब उन्होंने एक एग्रीमेंट किया। उस एग्रीमेंट के अनुसार, 15 दिनों के अंदर कुलदीप महतो पूरी रकम का भुगतान कर देगा। वह समय भी बीत गया।

**11 अगस्त को तीसरे भाई को उठाया और पीटा :** बड़कागांव पुलिस ने 11 अगस्त को लक्ष्मी देवी के तीसरे पुत्र भीम महतो को उठा कर हाजत में बंद कर दिया और दबाव बनाया कि जमीन की रजिस्ट्री कर दी जाये। ऐसा नहीं करने पर पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी दी गयी। पुलिस ने उसे पीटा भी। फिर एक एग्रीमेंट करवाया कि दो दिन के अंदर पूरी रकम का भुगतान कर दिया जायेगा और जमीन की रजिस्ट्री कर दी जायेगी। 13 अगस्त को वह समय भी पूरा हो गया, लेकिन रकम नहीं मिली। थाना से लक्ष्मी देवी पर दबाव डाला गया कि जमीन की रजिस्ट्री कर दी जाये। थाने से दिन में कई बार इस बाबत फोन भी किया जा रहा है।

**सैनिक स्कूल तिलैया**
पो- तिलैया डैम
जिला- कोडरमा (झारखंड)

विद्यालय के प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्रों की ओर से झारखंडवासियों को 76वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

सूचना

सैनिक स्कूल तिलैया में छ एवं नवम में सत्र 2024-25 के नामांकन हेतु सूचना जल्द की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वेबसाइट aissee.nta.nic.in पर उपलब्ध होगी।

No. : SST/EST/23/ Date :12.08.2023
प्राचार्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
GRIZZLY
COLLEGE OF EDUCATION
मेरी माटी मेरा देश
RECOGNISED BY ERC, NCTE BHUBANESWAR
AFFILIATED TO VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG & JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI
Near Satpulia, Gumo, P.O. - Jhumri Telaiya, Dist. Koderma - 825409, Jharkhand
B.Ed. & D.El.Ed. College
7070098793
7070098799

# सीबीआइ मणिपुर हिंसा के 9 और मामलों की जांच करेगी

- एजेंसी के पास अब 17 केस
- मैतेई महिला से गैंगरेप की भी जांच कर सकती है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की जांच सीबीआइ करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 केस हैं। सीबीआइ ने अब तक 8 मामले दर्ज किये हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि सीबीआइ के पास और केस भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआइ को दी जा सकती है।

दरअसल, राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जारी हिंसा में 160 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआइआर दर्ज की गयी हैं। इनमें से 11 केस महिलाओं और बच्चों की हिंसा से जुड़े हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीबीआइ पर पक्षपात का आरोप भी लग सकता है कि वो एक समुदाय से मिली हुई है। ऐसे में बेहद गंभीरता के साथ आगे की जांच की जा रही है।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुनीला खलखो
प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अरुणिमा एक्का
अंचल अधिकारी, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ ललिता मिंज
चिकित्सा पदाधिकारी
रेफरल अस्पताल सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आदित्य कुमार चौधरी
थाना प्रभारी, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्यम गुप्ता
थाना प्रभारी पुसो।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनीष बाबू
विश्व हिन्दू परिषद
जिला सह मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुजीत बैठा
समाजसेवी
बरगांव, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



फैयाज अंसारी
इंडेन गैस संचालक, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



महादेव उरांव
ग्राम प्रधान सिसई सह अध्यक्ष केन्द्रीय सरना समिति, सिसई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दिलशाद आलम
समाजसेवी
लकेया, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दानिश अंसारी
संचालक, आधार सेवा केन्द्र सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनमोहन मिश्रा
एच एम रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोडेदाग, सिसई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुन्ती कुमारी
एच एम, रा. माघी बालिका उच्च विद्यालय, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनीशंकर प्रसाद साहु
सहायक अध्यापक, रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवनाथपुर, सिसई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




सुमति कुमारी
एच एम, रा.कन्या मध्य विद्यालय, सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अवधेश कुमार
एच एम,रा.प्राथमिक विद्यालय घाघरा पानटोली, सिसई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुधीर कुमार सिंह
एच एम, रा.उत्क्रमित मध्य विद्यालय लरंगो,सिसई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रवि उरॉव
मुखिया नगर पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



तारकेश्वर उरॉव
मुखिया पंडरिया पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




रुक्मीण देवी
उप-मुखिया नगर पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



चैतू उरांव
जिला अध्यक्ष



आशिक अंसारी
प्रदेश प्रतिनिधि

निशा भगत
युवा प्रदेश उपाध्यक्ष

विष्णु राम
जिला उपाध्यक्ष

पतित पावन शाही
जिला उपाध्यक्ष

मानिकचंद साहू
जिला उपाध्यक्ष

अख्तर अली
जिला उपाध्यक्ष

सुजीत जयसवाल
जिला उपाध्यक्ष



भूषण सिंह
जिला महासचिव

रमेश जायसवाल
जिला महासचिव

रामनिवास प्रसाद
जिला महासचिव

शाहिद वारसी
जिला महासचिव


मो कलाम आलम
जिला महासचिव

खालिद शाह
जिला महासचिव

मुरली मनोहर प्रसाद
जिला महासचिव

राजू रंजन महतो
जिला महासचिव

फिरोज आलम
जिला महासचिव



गुलाम सरवर
सदर प्रखंड अध्यक्ष

लोहरा उरांव
आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष

बिंदेश्वर साहू
ओबीसी जिला अध्यक्ष

सुधीर कुजूर
कार्यालय प्रभारी

बेलसाजर मिंज
जिला सचिव

तरूण गोप
जिला सचिव

मो.साहेब
जिला महासचिव

इबरार अंसारी
जिला सचिव

गुड्डू गुप्ता
जिला महासचिव

निवेदक : ज़िला कांग्रेस कमेटी, गुमला




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.25 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.24 बजे | |

# बाबूलाल मरांडी की 17 अगस्त से शुरू होनेवाली संकल्प यात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से 10 अक्टूबर तक झारखंड में संकल्प यात्रा निकालेंगे। इसे लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बैठक हुई और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि राज्य में जब से झामुमो और कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से यह राज्य हत्या, लूट, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न के नये-नये कीर्तिमान बना रहा है। ऐसे में राज्य की जनता को इन परिस्थितियों से मुक्ति दिलाने के लिए बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। 17 अगस्त को भोगनाडीह से यह यात्रा शुरू होगी और 10 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य सभा कर इसका समापन किया जायेगा। सात चरणों में यात्रा निकाली जायेगी और राज्य के सभी जिलों, 264 प्रखंडों और 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा पहुंचेगी।



### सात चरणों में इन विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**पहला चरण:** (17 से 20 अगस्त)- बरहेट, बोरियो, राजमहल, महगामा, गोड्डा, महेशपुर, पोड़ैयाहाट, लिट्टीपाड़ा और पाकुड़।

**दूसरा चरण:** (23 से 27 अगस्त)- मधुपुर, सारठ, जरमुंडी, देवघर, शिकारीपाड़ा, दुमका, नाला, जामताड़ा, टुंडी।

**तीसरा चरण:** (4 से 6 सितंबर)- जमुआ, राजधनवार, कोडरमा, बरही, बरकट्ठा और बगोदर।

**चौथा चरण:** (9 से 16 सितंबर)- हजारीबाग, बड़कागांव, मांडू, रामगढ़, सिमरिया, चतरा, पांकी, डालटनगंज, हुसैनाबाद, छतरपुर, भवनाथपुर, विश्रामपुर और गढ़वा।

**पांचवां चरण :** (8 से 24 सितंबर)- लातेहार, मनिका, लोहरदगा, बिशुनपुर, गुमला, सिसई, कोलेबिरा, सिमडेगा, तोरपा, खूंटी, चक्रधरपुर, महेशपुर, मझगांव और चाइबासा।

**छठा चरण:** (26 सितंबर से 1 अक्टूबर)- निरसा, सिंदरी, धनबाद, झरिया, बाघमारा, चंदनकियारी, बोकारो, बेरमो, गोमिया, गिरिडीह और गांडेय।

**सातवां चरण:** (3 से 10 अक्टूबर)- खरसावां, सरायकेला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, बहरागोड़ा, घाटशिला, इचागढ़, सिल्ली, तमाड़, खिजरी, मांडर, कांके, हटिया और रांची।





























































## आदिकांत महतो बने लालपुर थाना प्रभारी

**रांची।** इंस्पेक्टर आदिकांत महतो को लालपुर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसको लेकर रांची एसएसपी ऑफिस से आदेश जारी किया गया है। बता दें कि बीते 11 अगस्त को डबल मर्डर मामले (जूस सेंटर संचालक और उसके स्टाफ) में लापरवाही बरतने को लेकर डीआइजी ने लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था। मालूम हो कि गोलीकांड में मारे गये मुकेश साव के छोटे भाई दिनेश ने लालपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये थे। दिनेश के अनुसार, रांची जूस सेंटर के मालिक अशोक गुप्ता और उनका एक सहयोगी मोटरसाइकिल पर सवार होकर लगातार रेकी कर रहे थे। कई दिन तो आठ से नौ बार वे लोग उसके जूस काउंटर के पास आकर उसके आने जाने की गतिविधियों पर नजर रखते थे। इस वजह से घबराकर उसने पहले मोरहाबादी मैदान स्थित लालपुर टीओपी को पूरे मामले की जानकारी दी। लालपुर टीओपी से उसे थाने में लिखित शिकायत देने की बात कही गयी। जिसके बाद एक जुलाई को रांची के लालपुर थाने में उसने लिखित शिकायत की थी। लेकिन लालपुर पुलिस ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया। इस घटना को डीआइजी ने गंभीरता से लिया।






















# कुजू में गोलीबारी, एक मरा, दो घायल

- रास्ता विवाद में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग
- पुलिस ने छह लोगों को लिया हिरासत में
- एक पिस्तौल, दो खोखा और लैपटॉप बरामद
- दो कार और एक जेसीबी भी जब्त









आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत दिगवार हथमारा पोचरा स्थित फोरलेन के निकट भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट के बाद गोली चालन से एक की मौत हो गयी। वही, इस मामले में 2 लोग गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज रांची रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। इधर, पुलिस ने घटना के बाद छह लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही, घटनास्थल से एक पिस्तौल और दो खोखा बरामद किया है। वहीं, मौके से पुलिस ने दो कार, एक जेसीबी, लेपटॉप, पर्स आदि को जब्त कर ओपी लाई है।

## क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह लगभग 10 बजे दिगवार निवासी मनोरंजन गिरी अपने सहयोगियों के साथ जेसीबी लेकर रास्ता बनाने पहुंचा था। जहां पोचरा निवासी जानकी यादव पिता कैला यादव अपने सहयोगियों के साथ कार्य को रोकने पहुंचा। जिस पर दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद मारपीट में बदल गया। इसी बीच एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकाल कर फायरिंग प्रारंभ कर दी। जिसमें जानकी यादव और पवन यादव गोली लगने से घायल हो गए। जैसे ही गोलियां चलने की आवाज हुई। आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने गोली चलाने वाले पक्ष के मनोरंजन गिरी को घेर लिया। वही, मौके से कुछ लोग फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने जानकी यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल पवन यादव और संतोष यादव का रांची रोड स्थित निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। इधर, लोगों की भीड़ ने गोली चलाने वाले पक्ष के तीन लोगों की जमकर धुलाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। जहां पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें मनोरंजन गिरी के अलावे रामगढ़ निवासी पंकज कुमार और विक्रम कुमार शामिल है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। जहां जमीन पर गिरे खून के धब्बे के सैंपल, बरामद खोखा आदि की जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## पुलिस ने जब्त की हथियार और कार और जेसीबी

रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, दो खोखा, क्षतिग्रस्त दो कार संख्या जेएच 01- डीक्यू 6272 और जेएच 01 ईजी - 2624, एक बिना नंबर की जेसीबी, एक लेपटॉप, चाकू, कार में पुलिस लिखा तख्ती और पर्स आदि बरामद किया है। मौके पर एसडीपीओ ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोली चली है। जिसमें एक की मौत हो गई है। पुलिस ने गोली चलाने वाले लोगों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच पड़ताल की जा रही है। जिले के कई थानों के पहुंची थी पुलिस सूचना प्राप्त होने के बाद तुरंत रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे व मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, कुजू ओपी के अनि सुमित कुमार, कुमुद बागे, सअनि हीरालाल मुंडू, साबिर हुसैन, सुजीत सिंह सदर बाल पहुंचे थे।

## छावनी परिषद् के नामित सदस्य और गुरुद्वारा प्रधान के नाम की है चर्चा

भूमि विवाद में चली गोलीकांड में छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव और रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा उर्फ जानू तथा उसके भाई हरप्रीत सिंह उर्फ अंकित का नाम चर्चा में है। वही, रामगढ़ और कुजू पुलिस गोलीकांड मामले की जांच में जुट गई है। पुलिसिया जांच पड़ताल में पता चला है कि रामगढ़ के जमीन ब्रोकर प्रमोद जायसवाल ने लगभग तीन एकड़ जमीन की डील किया था। जिसके लिए फोरलेन उसकी तरफ जानेवाले रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। उन सभी लोगों की मौजूदगी घटनास्थल पर होने की बात भी सामने आई है। पुलिस द्वारा तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## घायल पवन के बयान पर पुलिस कर रही जांच

रांची रोड स्थित नर्सिंग होम में इलाजरत पवन यादव ने पुलिस के समक्ष बयान देते हुए कहा है। कि उक्त भूमि पर दिगववार निवासी विनोद कुमार ने चाहरदिवारी बना रखी थी। जहां रामगढ़ गुरुद्वारा कमेटी प्रधान परमजीत सिंह कालरा उर्फ जानू और उसका छोटा भाई हरप्रीत सिंह उर्फ अंकित, कीर्ति गौरव, प्रमोद जसवाल और मनोरंजन गिरी अपने साथियों के साथ पहुंचकर जबरन जेसीबी से अपने जमीन के लिए रास्ता बना रहे थे। जिसका विनोद कुमार के साथ मैं जानकी यादव और संतोष यादव ग्रामीणों के साथ मना करने पहुंचे। जहां विवाद बढ़ने के बाद मनोरंजन ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी। जिससे गोली मेरे मुंह में फंस गया तथा जानकी यादव की मौत हो गयी।

# श्रम मंत्री ने खेल कौशल केंद्र का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के सुन्दरीकरण एवं स्टेडियम में बने खेल कौशल केन्द्र का उद्घाटन राज्य के श्रम प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता ने फीता काट कर किया । यह कार्य विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) के तहत 4 करोड 65 लाख की लागत पर उपायुक्त के प्रयास से स्टेडियम बनकर तैयार हो गया। इस प्रयास में मंत्री सत्यानंद भोगता, सांसद सुनील कुमार सिंह और विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास का भरपूर सहयोग रहा। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के निर्माण में 2 करोड़ 67 लाख 79 हजार तथा घास एंव लेबलिंग कार्य में 24 लाख 90 हजार छः सौ रुपये। जबकि सिमरिया स्टेडियम में एक करोड़ 71 लाख 76 हजार रुपये खर्च हुआ है। स्टेडियम में नवनिर्मित खेल कौशल केन्द्र में 4 जिम कक्ष, 4 कक्ष, खिलाड़ियों के तैयार होने के लिए, 4 टीम प्रबन्धक कक्ष, 2 पुरुष एवं 2 महिला शौचालय, 4 प्लेयर कक्ष, पेवेलियन के उपर 01 सिटिंग स्टैण्ड 500 क्षमता वाला, और 01 ओपेन जीम सहित मैदान में घास का रोपण कार्य किया गया है। और उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, सदर एसडीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधकारी सलमान जफर खिजरी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, खेल पदाधकारी तुषार राय, विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सुरेश राम समेत अन्य गणमान्य लोग तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

## एसपी और डीडीसी ने मुख्य समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले मुख्य समारोह के तैयारियों का जायजा लिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान परेड निरीक्षण वाहन पर सवार होकर पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण के पश्चात उप विकास आयुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्र गान में उपस्थित पदाधिकारी, स्कूली बच्चों समेत स्टेडियम में उपस्थित सभी ने भाग लिया।इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने टेंट, मंच, साफ सफाई, रंग-रोगन, स्टेडियम में अतिथियों की एंट्री करने समेत अन्य बिंदुओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विदित हो कि 15 अगस्त को बतौर मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार,जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला खेल पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय,स्कूली शिक्षक, छत्राएं समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मिलन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेयी के निदेर्शानुसार हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन एवं सरयु यादव द्वारा रविवार को प्रखंड केआमीन एवं नावाडीह पनारी गांव में मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को नालसा योजना से संबंधित जानकारी दिया गया। इसके अलावे घरेलू हिंसा ,डायन बिसाही, बाल मजदूरी रोक थाम पर चर्चा किया गया । साथ ही स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों को जागरूक किया गया तथा अमृत महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। वही आमीन गांव में सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान से 20 लोगों को खाद्यान्न वितरण में सहयोग किया गया तथा उचित माप-तौल एवं पर्ची के बारे में जानकारी दिया गया।

## राजद नेता 56 वर्षीय फागू यादव का निधन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत पैक्स के पूर्व अध्यक्ष सह राजद नेता 56 वर्षीय फागू यादव का निधन इलाज के दौरान रांची में हो गया। स्वर्गीय यादव कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। अंतिम संस्कार पैतृक गांव नापो कला के श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि बड़ा पुत्र हेमंत यादव ने दी। फागू यादव पत्नी सलमतीया देवी, भाई केदार यादव, पुत्र हेमंत यादव, पीयूष यादव, विक्रम निशांत सहित एक पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निवास स्थान से शव यात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पंचायत के मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, बड़कागांव मुखिया संघ के सचिव सह गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया दीपक दास, राजद प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व शिक्षक जगदीश साहू, देवनाथ यादव, चंद्रिका साहू, विक्रम साव, चतुरी गोप, कमल यादव, गणेश गोप, मोहन साव, राजकुमार यादव, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, देवनाथ यादव, सुभाष यादव, शंकर यादव, संजय यादव, दुर्जन गोप, जनार्दन साहू, सोना साव, राजेंद्र साहू, कृष्णा यादव, रामविलास यादव, चुरामन महतो, उमेश महतो, कैलाश साव, पुष्कर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेता, पंचायत जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजक के प्रबुद्ध एवं ग्रामीण लोग शामिल थे।

# काली बाबू की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** आंदोलनकारी सह झामुमो संस्थापक सदस्य काली प्रसाद चक्रवर्ती की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिन पूर्व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसे निजाम सेवा ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त चिकित्सा एवं मरीजों का इलाज कर उन्हें जांच उपरांत उन्हें सलाह दी गई और साथ ही मुफ्त में दवाएं बांटी गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर आनंद कुमार एवं डॉक्टर अनुजा डॉक्टर वसीम साथ उनके टीम में संदीप कुमार अमित कुमार सुभाष कुमार ने इस शिविर में सहयोग की शिविर के पूर्व सभी लोगों ने काली बाबू की तस्वीर पर फूल एवं अगरबत्ती दिखा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं 1 मिनट का मौन रखकर उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से मानवाधिकार सहयोग संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत करमाली ,कर्नल एकेडमी के संस्थापक करनल विवेक , दिनानाथ सिंह मुंडा, जिम्मी रिविट , मुकेश सिंह, मृत्युंजय पोद्दार, तपन कुमार अनुज सिंह ,देवानंद महतो,रवि शंकर करमाली, ने शिविर में सहयोग किए लगभग 300सो ग्रामीणों का जांच एवं इलाज कर मुफ्त दवाई दी गई कार्यक्रम क्या आयोजन सुनील राज चक्रवर्ती ने कहा की हर वर्ष की भांति पिताजी की तीसरी पुण्यतिथि पर हम लोग उनके दिए हुए रास्ते पर चलकर सामाजिक कार्यों को उनकी याद पर बढ़-चढ़कर करेंगे और कल दिन के 12:00 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी झारखंड आंदोलनकारी समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित होंगे इस कार्यक्रम में आप सभी को सादर आमंत्रित किया जाता है।

# श्रावणी मेला का शुभारंभ, अतिथियों ने किया उद्घाटन





आजाद सिपाही सवांददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा थाना मैदान में रविवार को श्रावणी मेला का उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय व झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखझ राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने फीता काटकर और नारियल तोड़ कर किया। इसके पूर्व मेला समिति ने अतिथियों को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष सह भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि निशि पांडेय ने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश तो देता ही यह ग्रामीणों के लिए मनोरंजन का बेहतर साधन भी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने की बात कही। संजीव बेदिया ने कहा कि मेला दो दिलों को जोड़ता है। मेला हमसबों को अपने बुर्जुगों की याद भी ताजा कराती है। मौके पर संजीव बेदिया, मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भईया, अमरेश सिंह, संजय वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, विनय सिंह, प्रभास दास, जगतार सिंह, रेणुका देवी, योगेश दांगी, अजय साहू, विजयंत कुमार, सतीश मोहन मिश्रा, अजय साहू, विश्वरंजन सिन्हा, संजीत राम, बीरेंद्र यादव, बिहारी मांझी, बिनोद पासवान, कामेश्वर मेहता, रोशन पासवान, राजेश सोनी, मंसूर खान, मुकेश राउत, बबलू ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# दोतल्ला पंचायत में मुखिया ने निकाली रैली घर-घर जाकर तिरंगा का किया वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए मुखिया सत्यवंती देवी ने घर-घर जाकर पंचायतवासियों के बीच लगभग 500 पीस तिरंगा झंडा का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि झंडा वितरण करने का उद्देश्य तमाम घरों में झंडा लहराकर अमर वीर, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान एवं श्रद्धांजलि दिया सके। रैली के दौरान घर-घर तिरंगा लगाएंगे अपने शहीदों का सम्मान बढ़ाएंगे, वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थें। रैली में पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता लव कुमार महतो, रविकांत सिंह उर्फ बड्डू, जल सहिया छुवि देवी, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, रंजू सिंह, मंजू देवी, सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, वार्ड सदस्य दयामुनि मुर्मू, जेएसपीएलएस की आतोषी मुखर्जी, सोनिया देवी, सुनीता देवी, मनोज चैधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों शामिल थें।

## कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मध्य मुस्लिम मोहल्ला जन वितरण प्रणाली विक्रेता मोहम्मद हलीम के द्वारा सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण का कार्यक्रम किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया तकरीमुला खान ने लाभुकों के बीच वितरण किया । वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बड़का गांव पश्चिमी जिला परिषद यासमीन निशा, बड़कागांव मध्य पंचायत मुखिया तकरीमुल्ला खान , पंचायत समिति रितेश ठाकुर, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र युवा समाजसेवी सोनू इराकी ,भाजपा अल्पसंख्यक अध्यक्ष नौशाद आलम ,जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, वार्ड सदस्य मुस्कान परवीन आदि उपस्थित थे।

## त्रिवेणी सैनिक गारमेंट सेंटर बंद होने के कगार पर, आर्डर मिलना हुआ बंद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारत का कपड़ा उद्योग फिलहाल एक बड़े संकट से जूझ रहा है। कपड़ा बनाने वाली और रेडिमेड कपड़े के निर्माण करने वाली कंपनियां बंद होने की कगार पर है। अगर ऐसा हुआ तो स्थानीय स्तर पर हजारों लोगों को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ेगा। साउथ इंडिया होजरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अनुसार, घरेलू बाजार को आपूर्ति करने वाली तिरुपुर होजरी विनिर्माण इकाइयों में से लगभग 40 प्रतिशत कंपनियाँ ऑर्डर की कमी के कारण बंद हो गई हैं।बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार को दिए ज्ञापन में एसोसिएशन की तरफ से कहा गया कि ऑर्डर में गिरावट के कारण तिरुपुर में कई इकाइयां उत्पादन बंद कर रही हैं। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार को दिए ज्ञापन में एसोसिएशन की तरफ से कहा गया कि ऑर्डर में गिरावट के कारण तिरुपुर में कई इकाइयां उत्पादन बंद कर रही हैं।कपड़ा उद्योग में इस गिरावट के कई कारण बताये जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि पिछले 6 वर्षों में बांग्लादेश से कपड़ों के आयात मूल्य में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी ने भी व्यापारियों की कमर तोड़ दी है...2011 के बाद से ही कपड़ा क्षेत्र का वास्तविक उत्पादन मुश्किल से बढ़ा है जबकि परिधान क्षेत्र में महत्वपूर्ण मंदी देखी गई है। बाहरी मोर्चे पर स्थिति और भी चिंताजनक है। 2014 के बाद कपड़ा क्षेत्र में हमारी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 5.9परसेंट से घटकर 2020 में 4.6परसेंट और परिधान क्षेत्र में 3.9परसेंट से घटकर 2.9परसेंट हो गई है। परिधान निर्यात में बांग्लादेश और वियतनाम पहले ही हमसे आगे निकल चुके हैं। कपड़ा निर्यात में वियतनाम तेजी से भारत की बराबरी कर रहा है। ऐसे में भारतीय कपड़ा उद्योग और रेडिमेड कपड़ों के निमार्ता मुश्किल दौड़ से गुजर रहे हैं।वास्तव में, भारत में मानव निर्मित कपड़ा क्षेत्र में प्रति श्रमिक उत्पादन भी नीचे गिर गया है। कपड़ा उद्योग का झारखंड में भी बहुत बढ़िया भविष्य नजर नहीं आ रहा है। झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के पकरी बरवाडीह कोल माइंस के प्रभावित महिलाओं के लिए सीएसआर के तहत वर्ष 2016 में त्रिवेणी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए एक कंपनी खोली गई ताकि महिलाओं को रोजगार का साधन मिल सके और वो अपने पैरों पर खड़ी हो सके लेकिन त्रिवेणी अप्रेयल भी बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।

# युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रम शक्ति सुपर शो के तहत 15 अगस्त को देश की बेटियां करेंगी ध्वजारोहण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग युवा कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। बताया की भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु में शक्ति सुपर शी कार्यक्रम की शुरूवात की थी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी। हर स्तर पर महिलाएं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेके अपने हक और हिस्सेदारी के लिए ध्वजारोहण करेंगी। इस कार्यक्रम के तहत भारतीय युवा कांग्रेस देश भर में प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर शक्ति क्लब के जरिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी की जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढ़ना चाहे उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके।

# परम शांति की प्राप्ति तत्वदर्शी संत की शरण में जाने से ही हो सकती है : संत रामपाल जी

आजाद सिपाही सवांददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के डुमरी नाम दीक्षा केंद में एकदिवसीय कबीरपंथी समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संत रामपाल जी महाराज सतलोक आश्रम बरवाला ने सत्संग में आध्यात्मिक ज्ञान का उद्बोधन किया गया। जिसमें बताया कि ज्ञान के अभाव में परमात्मा के विधान से अपरिचित होने के कारण प्राणी इस दुःखों के घर, संसार में महान कष्ट झेल रहा हैं। इसी को सुख स्थान मान रहा है। श्रीमद् भागवत गीता में भगवान ने जिस परम धाम और परम शान्ति की बात की है , उसकी प्राप्ति तत्वदर्शी संत की शरण में जाने से ही हो सकती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलोक में चार मुक्ति मानी जाती हैं।

जिनको प्राप्त करके साधक अपने को धन्य मानता है। परंतु वह स्थायी नहीं हैं। कुछ समय बाद पुण्य समाप्त होते ही फिर 84 लाख प्रकार की योनियों में मनुष्य कष्ट उठाता है। परंतु परम धाम अर्थात सत्यलोक में चारों मुक्ति वाला सुख सदा बना रहेगा। पूर्ण सतगुरू से दीक्षा लेने के पश्चात परमेश्वर उस भक्त के समस्त कष्ट समाप्त कर देता है। सद्ग्रन्थों के गूढ़ रहस्य को पूर्ण संत ही बता सकते हैं। इस अवसर पर टुनटुन दास को- ऑर्डिनेटर, सेवादार रौशन कुमार व रविन्द्र प्रसाद सिंह सहित पूरे चतरा से सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

संत रामपाल जी महाराज द्वारा समाज और मानवता की सेवा के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत हजारों दहेज मुक्त विवाह, नशा मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त, पाखंड मुक्त, अश्लील मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# गढ़वा में विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्रामपुर भाजपा विधायक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने फिता काटकर उद्घाटन किया। वीर शहीदों पर पुष्पांजलि के पश्चात वंदे मातरम गान किया गया। विभाजन विभीषिका के प्रदर्शनी भाजपा जिला कार्यालय में विभाजन के समय का घटनाक्रम का दृश्य दीवारों पर सजाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा आजादी के शर्त पर विभाजन के समझौता करने वाले तथा कथित कांग्रेसी मानसिकता के लोग ने जिस तरह मां भारती को बटवारा की आग में धकेला वह घटना कलंक के रूप में जाना जाता है जो कभी मिटने वाला नहीं है विभाजन में लाखों लोगों को जान गवाना पड़ा वह ऐसा दर्द है कि उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा की बटवारा का दर्द उस समय घटित घटना को आज याद करके देश को विखंडित करने वाली शक्ति आज भी देश के अंदर षड्यंत्र रचना नहीं छोड़ा है। आज भी भारत के टुकड़े टुकड़े गैंग सक्रिय है जो कांग्रेसी मानसिकता का परिचायक है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आज देश विरोधी ताकत का डटकर मुकाबला करेंगे और 2024 में नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा विभाजन के समझौता पर देश की आजादी कांग्रेसी गुलामी मानसिकता का परिचायक है देश ने जो आजादी के समय विभाजन के समय जो घटना घटा वह मानवता को शर्मसार करने वाला था इस घटना के पीछे जो मानसिकता थी वह आज भी देश में देखने को मिल रहा है। उस मानसिकता से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सजग और सचेत रहने का जरूरत है। आज देश मे जो दो तरह की विचारधारा चल रहा है हम कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र हित और देश हित मैं समर्पित है विपक्षी गठबंधन जो इंडिया जो देश के टुकड़े टुकड़े गैंग के रूप में काम कर रही है। आज भी उनकी मानसिकता उसी रूप में देखा जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने का जो संकल्प भारतीय जनता पार्टी ने लिया है उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने का जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी, विनोद तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, उदय कुशवाहा, उमेश कश्यप, रितेश चौबे, लक्ष्मीकांत पांडे, बिना पाठक कंचन जयसवाल, मीरा यादव, पार्वती सिंह, अजय कांत तिवारी, दिनेश मेहता, अविनाश पासवान, अनवर शाह, टिंकू गुप्ता, मनीष गुप्ता, मनोज पाठक, संजय तिवारी, विनय चंद्रवंशी, चंद्रदेव राम, राम उन्य तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित 172 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा 172 बटालियन सीआरपीएफ कैंप परिषद से नाहर चौक चीनिया मोड़ मझिआंव मोड़ से नवादा मोड़ होते हुए वापस 172 बटालियन सीआरपीएफ के परिसर तक आयोजित की गयी। इस अवसर पर 172 बटालियन सीआरपीएफ के अमरेंद्र कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी यू आर रामेश्वर उप कमांडेड सूबेदार मेजर रणवीर सिंह निरी जीडी रतन सिंह यशवीर सिंह व अधीनस्थ अधिकारी सहित कर्मियों ने उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी निभायी।

## रंका में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के पचू आहरा के परिसर में कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी मुखिया पति चंद्रशेखर कुमार मुखिया प्रतिनिधि की अध्यक्षता मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित पंचायत के ग्रामीण जनता को समाजसेवी जैनुल्लाह अंसारी के द्वारा हाथ में मिट्टी लेकर पांच संकल्प दिलाया गया जिसमें भारत को विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता व एकजुटता के लिए कर्तव्यवद्ध रहने, नागरिक के कर्तव्य निभाने, देश की रक्षा करने वालों को सम्मान करने, तथा भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने की सपना साकार करने की संकल्प शामिल हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र नाथ तिवारी, प्रखंड पंचायतीराज समन्वयक कृति गुप्ता , रोजगार सेवक सत्येंद्र दास, जेएसएलपीएस के सत्येंद्र कुमार, स्वयंसेवक सुरेंद्र चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरडीहा गांव के सिकीयाही टोला के स्थानीय ग्रामीणों ने पहाड़ की खुदाई और ब्लास्ट के कारण जानमाल की खतरा होने की संभावना के संबंध में बरडीहा बिडियो को लिखित आवेदन सौंपा है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि बरडीहा के वार्ड नंबर 1 में सिकीयाही टोला में पहाड़ लीज कराकर पत्थर निकालने के लिए टोल ब्लास्टिंग का प्रयोग किया जा रहा है पहाड़ को मजदूरों के द्वारा हथौड़े से तोड़ा जाना था उसे बारूद से तोड़ा जा रहा है लगभग 40 फीट टोल करके उसमें खतरनाक बारूद डाला जाता है जिससे पत्थरों के टुकड़े-टुकड़े हो जाते हैं और खतरनाक बारूद के प्रभाव से बड़े-बड़े पत्थर आसपास बसे हमारे घरों तक आती है कई बार घर के बच्चे एवं पशु भी बाल बाल बच्चे हैं मना करने पर लीज के मालिक मंटू सिंह इस बात पर कोई नहीं ध्यान देते हैं बल्कि हम सभी को घर से बाहर निकाल कर एवं पशुओं को लेकर दूर चले जाने की बात कहते हैं और हम लोगों को अपने जानमाल की सुरक्षा हेतु जाना पड़ता है महोदय पहाड़ की खुदाई इतनी गहरी हो चुकी है कि अलग बगल के कुआं और चापाकल की जल स्तर नीचे चला गया है जिससे हम सभी किसानों की जीवन पर बुरा असर दिख रहा है। खुदाई में जमा पानी के वजह से विगत 6 अक्टूबर 2019 को स्वर्गीय सागर यादव के पुत्र अखिलेश यादव का डूबकर मौत हो चुका था और अभी भी खुदाई जारी है। मौके पर सुधीर पाल, राजू यादव, ओम प्रकाश यादव, विश्वनाथ यादव उदय पासवान, नंदू प्रजापति इनके साथ कई लोग ने बताया है।

## जर्जर सड़कों का रंका अनुमंडल अध्यक्ष ने किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के वर्षों से उपेक्षित और अति जर्जर दो सड़कों का रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंकाकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिय, मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा रविवार को नारियल फोड़. व भूमि पूजन कर विधिवत्त शिलान्यास किया गया। इन सड़कों में पहला रंका गढ़ फाटक पुराना अस्पताल रोड होते हुए सोनार मुहल्ला, बर मुहल्ला, चौरसिया मुहल्ला होते हुए दर्जी मुहल्ला डब्ल्यू सिन्हा के घर तक तथा दूसरा थाना मोड़ महिमा मैरिज हॉल के बगल में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 से बांध होते हुए भुईयां टोला निरंजन राम चंद्रवंशी के घर तक लगभग एक किलोमीटर पीसीसी सड़क का नाम शामिल है। इसके संबंध में जानकारी देते हुए रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने मिडिया को बताया कि उक्त पीसीसी सड़क का निर्माण झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, संजय सिन्हा, मुमताज अली रंगसाज, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, पंचायत अध्यक्ष अजय प्रसाद शत्रुघ्न चंद्रवंशी, राजकिशोर चंद्रवंशी, जैकी चंद्रवंश राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, नौशाद राय मुममैहर कंस्ट्रक्शन के संवेदक अरविंद कुमार सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यकम का आयोजन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में चल रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यकम के तहत शानिवार को सभी पंचायतो में पौधरोपण किया गया । इसकी शुरुआत सगमा बीडीओ सत्यम कुमार ने सारदा गांव स्थित अमृत सरोवर के ऊपर फलदार वृक्ष लगाकर किया। इस क्रम में कटहर कला मुखिया कलावती देवी कटहर गांव पंचायत भवन में सगमा मुखिया तेजलाल भुइयां सगमा बौली तालाब पर पौधारोपण किया गया। सोनडीहा पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव के द्वारा और बीरबल पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के द्वारा बीरबल तालाब में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि के साथ प्रखण्ड का विशेष योगदान सराहनीय रहा। इस मौके परपूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, उप मुखिया मंगलेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम,बीपीओ प्रभास पांडेय पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह सुरेंद्र ठाकुर नाव नियुक्त पंचायत सचिव प्रिया लता रोजगार सेवक चंदन रवि शशिकांत सिंह कमलेश उपस्थित थे ।

## 15 अगस्त को देश की बेटियां करेंगी ध्वजारोहण

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु में सुपर शक्ति शी कार्यक्रम की शुरूवात की थी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी। हर स्तर पर महिलाएं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेके अपने हक और हिस्सेदारी के लिए ध्वजारोहण करेंगी। भारतीय युवा कांग्रेस देश भर में प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर क्लब के जरिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी की जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढ़ना चाहे उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके। इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि वर्तमान समय में आज देश भर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेके अनेकों प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के चलते उन्हें दबाने और आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर जिला महासचिव प्रियांशु दुबे,अनिकेत तूफानी,जिला सचिव रितेश गुप्ता ,प्रखंड अध्यक्ष असगर आकाश कुमार, भोलू कुमार, देव कुमार, पीयूष कुमार, तमाम यूथ कमिटी के लोग उपस्थित हुए।

# भाजयुमो ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान

आजाद सिपाही संवददाता



**गुमला।** भाजयुमो के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आज स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के मुख्य द्वार पर अवस्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण सह पूर्व सैनिकों के सम्मान का कार्यक्रम आयजित किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरा हर्षोल्लास के साथ आजादी के अमृत महोत्सव को मना रहा है। ऐसे में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा के भी कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि देश लंबे समय तक अंग्रेजों के अधीन रहा और देश को अंग्रेजी दासता से मुक्त कराने के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया इस स्वतंत्रता दिवस पर भी हम सभी उन सभी वीर बलिदानियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें कोटि कोटि नमन करते है कि उन्होंने स्वयं से पहले हम देशवासियों की चिंता करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजयुमो के द्वारा पूरे देश भर में आज स्वतंत्रता सेनानियों अथवा उनके परिजनों को उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है साथ ही देश की अस्मिता की रक्षा के लिए सीमा पर खड़े होकर देश की सेवा करने वाले सभी वीर सैनिकों को भी देश नमन करता है और उन्हें उनके द्वारा किए गए देश सेवा के लिए सम्मान प्रकट करता है।इस निमित आज देश के पूर्व सैनिकों को भी भाजयुमो के द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भारत माता की तस्वीर और परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात पूर्व सैनिक बालेश्वर सिंह ,तेंबुतियुस कुजूर, और कलिंद्र साहू को सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, यशवंत सिंह, विकास सिंह, संजय गुप्ता, कौशल साहू, संदीप प्रसाद, अनूप कुमार साहू, आदित्य कुमार, मनोहर भगत, बाल्केश्वर सिंह, अरविंद मिश्रा, रामावतार भगत, दिनेश्वर प्रसाद साहू, राधेश्याम कुशवाहा, दिनेश सिंह, कंचन सिंह, बीरेंद्र साहू, निरंजन साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनइपी पर सेमिनार में भाग लेंगे केओ कॉलेज के डॉ दीपक प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, में सात दिवसीय 17 अगस्त से 22 अगस्त 2023 तक शिक्षक समागम जिसमें न्यू शिक्षा पॉलिसी के ऊपर आयोजित सेमिनार में भाग लेने के लिए झारखंड के रांची विश्वविद्यालय रांची के अंतर्गत कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के शिक्षा संकाय में कार्यरत परफॉर्मिंग आर्ट प्राध्यापक डॉ दीपक प्रसाद का चयन हुआ है, जो महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसकी स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से 25 दिसंबर 2014 को इसकी स्थापना की गयी। यह एक स्वायत्त संस्था है। जिसमें शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और व्यावसायिक विकास का सुदृढ़ आधार तैयार करना और उसका पोषण करने के लिए की गयी थी। साथ ही साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्यों को करना, देश के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में युवा शिक्षा को बढ़ावा देना एवं उनके भविष्य को सुनियोजित रूप से समारना और सजाना इसका मुख्य उद्देश्य रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को अपने कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता से प्रतिबद्ध रहना विद्यार्थियों को प्रेरित करना उच्च योग्यता को हासिल करना अच्छी तकनीक को विकसित करना मुख्य उद्देश्य लेकर शिक्षकों के बीच कार्य करती है। इस चयन को लेकर कॉलेज प्रशासन ने खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है इससे हमारे और शिक्षकों में कुछ अलग करने की लालसा जायेगी। इस उपलब्धि के लिए डॉ प्रसाद को कॉलेज प्रशासन के सभी शिक्षकों ने बधाई दी। बधाई देने में प्राचार्य प्रोफेसर अमर ज्योति खलखो, डॉ सीमा, डॉ दिलीप प्रसाद, डॉ राकेश प्रसाद और कॉलेज के समस्त अध्यापक गण।

## अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के केंद्रीय संरक्षित स्मारक महल और मंदिर परिसर नवरतनगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रांची मंडल ने आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 13-15 अगस्त वृक्षारोपण की शुरूआत की इसके तहत पूरे स्मारक परिसर में 300 से अधिक पौधे लगाए जाने हैं जिसमें झारखंड के राजकीय पुष्प पलाश के पौधे अमलतास आम शरीफा तथा अन्य फलदार और फूलदार पौधे लगाए जायेंगे कार्यक्रम के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पदाधिकारियों का साथ मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमान अब्दुल फारुख भारत सरकार के युवा और खेल विभाग के जिला प्रभारी तथा नगर पंचायत के मुखिया श्री रवि ऊरावों तथा बी एन जालान कालेज के राष्ट्रीय कडेट कोर के छात्र छात्रावों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और स्मारकों के प्रति जन जागरूकता को बढ़ावा देना था आवों एक निर्माण करें वृक्षों से स्मारक का श्रिंगार करें स्मारक परिषर में को तिरंगा प्रकाशोत्सव भी किया जाना है।

## बिशुनपुर में अमृत महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत



**बिशुनपुर(आजाद सिपाही)।** आजादी के 75वां वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को बिशुनपुर मंडल में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का शुरूआत मंडल अध्यक्ष केदार साहू के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव के द्वारा तिरंगा झंडा का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मौके पर सांसद ने कहा कि हर घर तिरंगा' भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तत्वाधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। झंडे के साथ हमारा रिश्ता हमेशा से व्यक्तिगत की बजायें औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। आजादी के 75वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की जा रही है। इस मौके पर भिखारी भगत जगत ठाकुर बचन चौरसिया गुलाब साहू रामदास यादव उपेंद्र बडाईक देवी सिंह फगुआ राम विनोद चौरसिया सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पिठवरटोली के पास सड़क दुर्घटना में चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के देवाकी पिठवरटोली के समीप सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार पिटवर टोली ग्राम निवासी प्रकाश उरांव व मंतोष उरांव मोटरसाइकिल में सवार हो घाघरा से अपना घर पीठवर टोली की ओर आ रहे थे। वही विपरीत दिशा से चिंगरी नवाटोली ग्राम निवासी राजू उरांव व विक्रम उरांव मोटरसाइकिल में तेज रफ्तार में घाघरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हुई जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से चारों घायलों को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए चारों को गुमला रेफर कर दिया गया है। यहां बता दे की पिटवर टोली निवासी प्रकाश उरांव व मंतोष उरांव अपना घर पहुंची गए थे घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर थे और यह घटना घटी। घटना में प्रकाश उरांव, मंतोष उरांव व विक्रम उरांव का स्थिति काफी गंभीर बनी है।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक

# संगठन को मजबूत करने और कमेटी बनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रविवार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष केंद्रीय समिति का बैठक का रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड में किया गया बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने किए बैठक में बैठक में अभी तक किये गये कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने पर निर्णय लिया गया सभी जिलों में यथाशीघ्र प्रखंड प्रभारी बनाते हुए प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया उसी के तहत गुमला जिला के सभी प्रखंडों की प्रभारी की सूची जारी की गई जो निम्न है के लिए गुमला ब्लॉक बाबूलाल साहू घाघरा ब्लॉक संतोष ठाकुर और शिवनारायण साहू बिशनपुर रामप्रसाद साहू, सिसई सुनील कुमार भगत, जुबेर अंसारी भरनो और राम साहू पालकोट रामू गोप बसिया राम साहू और सुदन साहू कामदारा बहादुर साहू मनजीत साहू रायडीह जागेश्वर सिंह गुमला नगर दीपू ठाकुर सज्जाद अनवर एवं अजीत विश्वकर्मा को बनाया गया सभी को 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमेटी बनाते हुए केंद्र समिति को सूची देने का आग्रह किया गया इसी तरह अन्य जिलों को भी कमेटी बनाते हुए केंद्र समिति को लिस्ट देने का काम करेंगे बैठक में सदस्यता पर जोर देने का निर्णय लिया गया साथ ही सभी समाज अपने-अपने समाज से पिछड़ा समाज को संगठित करने का निर्णय लिया गया पिछला बैठक में निर्णय लिया गया था 16 7 2023 को वर्तमान विधानसभा जो चली उसमें जाकर जितने भी पिछड़े समाज के विधायक हैं उनसे मिलकर विधानसभा में 7 जिलों में रोस्टर के तहत आरक्षण जीरो कर दिया गया है उसको जानकारी दिया जाए जिससे विधानसभा में बात रखेंगे केंद्र कमेटी निर्णय के अनुसार 30 7 2023 लेकर 3 8 2023 तक विधानसभा में सभी विधायकों से मिलकर लिखित मेमोरेंडम दिए साथ ही मुख्यमंत्री झारखंड को भी उक्त विषय पर लिखित जानकारी दिए इसमें बड़कागांव के विधायक माननीय अंबा प्रसाद के नेतृत्व में सभी से मिलकर खासकर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मिलकर बात को प्रमुखता से रखी इसके लिए आज केंद्र कमेटी माननीय विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद के प्रति एक स्वर में बैठक में आभार प्रकट किए साथ ही उनके किए गए इस कार्य के लिए धन्यवाद दिए इतना प्रमुख मांग होने के बावजूद भी 7 जिलों के एक भी विधायक या माननीय सांसद अभी तक पिछड़ी जातियों के लिए ना विधानसभा में बात रखें ना लोकसभा में रख रहे हैं इसके लिए आज की बैठक में सर्व समिति से निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए आने वाले चुनाव में उनको सबक सिखाने का निर्णय लिया गया आज किस बैठक में प्रमुख रूप से केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, श्यामसुंदर साहू, जागेश्वर सिंह, राजेश खन्ना, आशिक अंसारी आनंद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर भूषण महतो, अजीत विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, शहजाद अनवर, जुबेर अंसारी, दीपू ठाकुर, राम प्रसाद, राम साहू, सुनील कुमार, भगत नूर मोहम्मद, मनजीत राम, बहादुर साहू, बृजमोहन यादव, सतीश ठाकुर, दुर्गा साहू, परमेश्वर साहू, राम केश्वर, इत्यादि समाज के लोग उपस्थित हुये।

# राष्ट्रीय एकता तोड़ते भड़काऊ भाषण

आक्रामकता का पुट यदि सुशुप्त चेतना को जगा सकता है, तो अपने नकारात्मक रूप में समूची मानवीयता को दग्ध भी कर सकता है। ज्वलंत उदाहरण, हाल ही में, हरियाणा के नूंह में देखने को मिला, जहां एक धार्मिक यात्रा के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में 7 लोग मारे गये। माहौल भड़काने में उत्तेजक वक्त व्यों को मुख्य कारण माना गया। समीपस्थ इलाकों में माहौल इतना गर्मा गया कि स्थिति संभालने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय को भड़काऊ भाषण पर रोक लगाने संबंधी आदेशों पर विचार करना पड़ा। निःसंदेह अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की विलक्षण उपलब्धि है, किंतु यही अनेकता कई बार राष्ट्र के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। धर्म, जाति, समुदाय, प्रांत, भाषा आदि नितांत व्यक्तिगत एवं संवेदनशील विषय होने के नाते, वरीयता के आधार पर आपसी टकराव की संभावनाएं पनपती ही रहती हैं। दरअसल, शब्दाभिव्यक्ति एक प्रभावी साधन है, जिसकी धार तलवार से भी तेज मानी गयी। इसीलिए माहौल भड़काने में उन अतिवादियों का बड़ा हाथ रहता है, जो अपनी अलगाववादी सोच के विषैलेपन को सामुदायिक भाषणों के माध्यम से जनसामान्य की रग-रग में इस कदर उतार देते हैं कि वह कुहासे के उस पार की स्थिति का अंदाजा तक नहीं लगा पाता। आज विश्व भर में अशांति-हिंसा फैलाते आतंकवादी संगठन अपने स्वार्थलिप्त वक्त व्यों एवं उत्तेजक भाषणों के द्वारा ही तो धर्म-समुदाय के नाम पर युवाओं का ब्रेन वॉश करके उनकी प्रतिभा व क्षमता का मनचाहा दोहन कर रहे हैं। श्रेष्ठ वक्ता होना यद्यपि एक जन्मजात गुण है तथापि निरंतर अभ्यास द्वारा भी इस विधा में पारंगत बना जा सकता है। सशक्त-सुदृढ़ शब्द काफी हद तक अपना वर्चस्व स्थापित करने में कामयाब रहते हैं। वक्ता के विचारों को यथावत ग्रहण करना अथवा उसे तार्किकता के आधार पर तोलकर ही स्वीकारना हालांकि प्रत्येक श्रोता की वैचारिक क्षमता पर निर्भर करता है। राजनीतिक स्वार्थपरायणता के चलते लोगों की भावनाओं को भड़काना-भुनाना भी आजकल बहुधा प्रचलन में है। निजी अथवा दलगत स्वार्थों के चलते लाग-लपेट भाषा का प्रयोग करने में माहिर नेतागण शब्दभ्रम से ऐसा माहौल निर्मित कर डालते हैं कि न केवल औसत बुद्धि जीव अपितु अनेकों बार मेधा संपन्न व्यक्ति भी इनके बिछाये जाल में फंसते चले जाते हैं। मिथ्याभ्रम के काल्पनिक रथ पर सवार व्यक्ति वही दृश्य देखने लगता है, जो स्वार्थी राजनीतिज्ञ उसे दिखाना चाहते हैं। सांप्रदायिकता, धर्मांधता, जातिभेद आदि के नाम पर अक्सर होने वाले दंगे स्पष्ट दर्शाते हैं कि आजादी के 76 वर्ष उपरांत भी हमारा समाज पूर्ण तौर पर इतना साक्षर नहीं हो पाया कि श्वेत लबादे में छिपे खूनी पंजों की कलुष लिप्साओं को पढ़-समझ सके।

**आज विश्व भर में अशांति-हिंसा फैलाते आतंकवादी संगठन अपने स्वार्थलिप्त वक्त व्यों एवं उत्तेजक भाषणों के द्वारा ही तो धर्म-समुदाय के नाम पर युवाओं का ब्रेन वॉश करके उनकी प्रतिभा व क्षमता का मनचाहा दोहन कर रहे हैं।**

**भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है।**

# पीएमकेएसके भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता है



**डॉ मनसुख मंडाविया**



**सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं।**

आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा। इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान , प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरूआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है।

**पीएम मोदी ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किये।**

पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है। इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दशार्ते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किये। देश भर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है।

सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उर्वरक कंपनियों द्वारा समर्थित ड्रोन उद्यमी उर्वरकों और रसायनों के छिड़काव को बेहतर तरीके से बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे किसानों को पीएमकेएसके के साथ जोड़ पा रहा है। राज्यों, केवीके और डीलरों के बीच बढ़ते संबंधों के परिणामस्वरूप ज्ञान और सेवाओं का सफल प्रसार हुआ है।

पीएमकेएसके पहल किसानों को सशक्त बनाने और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने में गेम चेंजर साबित हो रही है। कृषि इनपुट्स और नॉलेज तक पहुंच को सरल बनाकर, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ किसानों को सशक्त बनाकर और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर, पीएमकेएसके कृषक समुदाय के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। अटूट सरकारी समर्थन और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से, पीएमकेएसके सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेंगे, देश की कृषि रीढ़ को मजबूत करेंगे और एक संपन्न और आत्मनिर्भर कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देंगे।

**(लेखक : केंद्रीय रसायन और उर्वरक, और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### तरुण संघ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 106 लोगों ने करायी जांच



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी तरुण संघ में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में स्थानीय जरूरतमंद लोग स्वास्थ्य जांच कराये। पूर्णिमा नेत्रालय के सौजन्य से निशुल्क जांच शिविर में ब्रह्मानंद अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने 106 लोगो का सामान्य स्वास्थ्य जांच के तहत रक्तचाप, शुगर, पल्स रेट, हाइट वेट और अन्य बीमारियों से जुड़े जांच कराया। वही योग्य चिकित्सकों की टीम के द्वारा चिकित्सकीय सलाह दी गयी। मौके पर क्लब के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्लब के महासचिव उत्पल कुमार घोष ने सभी पदाधिकारियों, सक्रिय सदस्यों, पूर्णिमा नेत्रालय और ब्रह्मानंद अस्पताल के चिकित्सकों के टीम को बधाई दी।इस अवसर पर उत्पल कुमार घोष, चंदन कुमार दत्ता, देवासिष दास, गौतम राय चौधुरी, सुभाशीष, प्रणाली नाहा सहित अन्य का सफल योगदान रहा।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गुड़ाबांदा का उद्घाटन



**गुड़ाबांदा (आजाद सिपाही)।** गुड़ाबांदा प्रखंड कार्यालय के समक्ष निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन और बहरागोड़ा के विधायक समीर महंती ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। दोनों विधायकों के प्रयास से यह विद्यालय शुरू हुआ। दोनों विधायकों ने अभिभावकों और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब गुड़ाबांदा की छात्राओं को शिक्षा लेने के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा, इस विद्यालय में बेहतर शिक्षा मिलेगी। विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द विद्यालय का चाहरदिवारी की उंचाई होगी और तार से घेरा जायेगा। यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की बहुत ही पुरानी मांग थी जो आज पूर्ण हुआ। प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय खोलने पर क्षेत्र के छात्राओं को दुसरे प्रखंड जाना नहीं पड़ेगा। विधायक समीर महंती ने कहा अब प्रखंड की छात्रायें प्रखंड क्षेत्र में ही पढ़ाई करेंगी। कहा की हेमंत सरकार ने क्षेत्र के लोगों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करने का काम किया है। कहा की सरकार क्षेत्र के विकास करने और बच्चियों को शिक्षित करने के प्रति सचेत है। मौके पर दोनो विधायक ने पौधा रोपण कर क्षेत्र में जंगल संरक्षण करने का संदेश दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य शिवनाथ मांडी, प्रखंड प्रमुख सुबजित मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेसिया,बीस सुत्री अध्यक्ष सुराई टुडु, विधायक प्रतिनिधि असित मिश्रा,उपाध्यक्ष श्यामपदो टुडु,बीस सुत्री सदस्य साकिला हेम्ब्रम,बुकाई सोरेन, पुर्व जिला परिषद सदस्या बेलबुती मुर्मू, मुखिया कानाई लाल मालही, तोड़ो किस्कु, रत्नों लाल रावत, राम कर्मकार, प्रशांत प्रधान, बिनोद बागाल, दाशमत सोरेन, लालमोहन मांडी,युगल मांडी,साहेब राम सोरेन,राम चंद्र मुंडा, पशुपति समेत अन्य उपस्थित थे।

## लौहनगरी में हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ रघुवर और सांसद ने किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अमृत महोत्सव के समापन में देश के वीर सपूतों, वीरांगनाओं को सम्मान के उद्देश्य से जमशेदपुर में हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश अभियान की आगाज किया गया। रविवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा ने साकची भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के समीप से भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छविचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की। अभियान के तहत महानगर के चारों विधानसभा क्षेत्र से आये 28 मंडल अध्यक्षों को तीन रंगों से सुसज्जित कलश प्रदान किया गया। सभी प्रमुख स्थल और महापुरुषों के प्रतिमा के स्थल से मिट्टी संग्रहित करेंगे। वही अतिथियों ने तिरंगा ध्वज लहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान व भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में प्रतिमा स्थल से मिट्टी को कलश में संग्रहित कर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का शुभारंभ की। सभी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर नमन किया। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया लौहनगरी में अभियान को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। सभी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। कार्यकर्ता 13 से 15 अगस्त तक लोगों के घर जाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगायेंगे। वही पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो ने साकची के दुकानों और टैंपो में तिरंगा झंडा लगाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा आजादी के जश्न मानने के साथ भारत की मिट्टी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान दी थी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। साथ ही अभियान के माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों से 75 हजार माटी के कलश संग्रहित कर दिल्ली भेजी जायेगी। इसका उपयोग कर्तव्य पथ पर बनी वॉर मेमोरियल के समक्ष अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जायेगा। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा स्वतंत्रता की लड़ाई में लाखों वीर-वीरांगनाओं ने अपनी जान की आहुति दी। हम सभी का कर्तव्य है उनके बलिदान को स्मरण कर उनका सम्मान करें। प्रत्येक स्वतंत्रा सेनानी की शहादत को स्मरण कर स्वतंत्रता का जश्न मनाना है। मौके पर देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, मनोज कुमार सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, जटाशंकर पांडेय, भरत सिंह, राजन सिंह, डॉ राजीव कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

## जमशेदपुर में महिलाओं और युवतियों से हो रही छिनतई, गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**सोने के चेन, मोबाइल, देशी पिस्टल, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस के हाथ एक बड़ा आपराधिक गिरोह लगा है, जो महिलाओं और युवतियों से हो रहे छिनतई और राहजनी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों का नाम मोहम्मद फैयाज आलम, साजिद शेख उर्फ बिल्ला, राजन कुमार और विकास माने बताया जा रहा है। इनके पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक बगैर नंबर प्लेट का यामाहा मोटरसाइकिल, जुगसलाई और सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से महिलाओं से छीने गए दो सोने का चैन और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि एसएसपी के निर्देश पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में एंटी क्राइम चेकिंग जोर- शोर से चलाया जा रहा था। इसी कड़ी में शनिवार संध्या गश्ती के दौरान बिष्टुपुर थाना अंतर्गत जी टाउन क्लब के समीप वाहन जांच के दौरान बगैर नंबर प्लेट यामाहा आर- 15 कंपनी का मोटरसाइकिल सवार दो पुलिस को चकमा देकर जी टाउन की तरफ भाग निकला। जिसे सशस्त्र बलों द्वारा कुछ देर के बाद खरकई नदी के समीप कर्बला के पास से पकड़ा गया। दोनों में से एक का नाम मोहम्मद फैजान एवं दूसरा साजिद शेख उर्फ बिल्ला बताया. दोनों की विधिवत तलाशी लेने पर फैयाज अलम के पास से लोडेड देसी पिस्टल और एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। दोनों की निशानदेही पर बीते 5 अगस्त को जुगसलाई थाना के पास एक महिला से छीने गये सोने की चेन को विकास माने जो विकास ज्वैलर्स ओल्ड पुरुलिया रोड का मालिक है के दुकान से बरामद किया गया, और सीतारामडेरा थाना अंतर्गत कुम्हारपाड़ा से 8 अगस्त को एक महिला से छीना गया सोने के चैन को उलीडीह थाना क्षेत्र के रहने वाले राजन कुमार के पास से बरामद किया गया। बताया गया कि गिरफ्त में आये मोहम्मद फैयाज आलम का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और कई कांडों में हुआ जेल जा चुका है।

### आदित्यपुर स्टेशन के पास युवक ने की जीवन लीला समाप्त, जांच में जुटी पुलिस




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्टेशन के पास रेलवे लाइन में दिल दहला देने वाली मामला प्रकाश में आया है। रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे ट्रैकसूट पहने अज्ञात युवक ने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना इतना दर्दनाक था कि मौके पर देखनेवालों के रोंगटे खड़े हो गए। वैसे आत्महत्त्या करने वाले युवक का आंख का पत्ता पलटते ही शव दो टुकड़ों में क्षत विक्षत हो गया है। दर्दनाक हादसा में युवक के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। नीचे ब्लू रंग का ट्रैकशूट पहना हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची। जहा उन्होंने आगे की कार्रवाई में जुट गयी। फिलहाल शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। मृतक कौन है कहां से आया था क्यों आत्महत्या की इस संबंध में पुलिस लोगो से पूछताछ कर रही है ।03

### लाखों की ठगी का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन से मशीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी विकास सूद को बिष्टुपुर पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया। शनिवार देर शाम पुलिस उसे गुजराज से जमशेदपुर लेकर पहुंची। इस संबंध में थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन से मशीन बेचने के नाम पर विकास ने 9 लाख रुपये लिए थे और मशीन नहीं दी थी। इसको लेकर कंपनी के मैनेजर उत्तम मलिक ने थाने में लिखित शिकायत की थी वारंट निकलने पर पुलिस ने विकास को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### सुंदरनगर में आरएएफ परिवार की महिलाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा, लोगों में जगाया देशभक्ति का प्रेम



**जादूगोड़ा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर स्थित सुंदरनगर रैफ 106 बटालियन की ओर से रविवार को तिरंगा के साथ पदयात्रा निकल लोगो में देश प्रेम का भावना जगायी। पदयात्रा में आरएएफ परिवार की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जागरूकता रैली कैंप से सुंदरनगर चौक तक निकाली गयी। पदयात्रा क्षेत्र के लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रहा और लोग इस तिरंगा यात्रा को कैमरे में कैद करते नजर आये। इस दौरान पदयात्रा में शामिल आरएएफ परिवार की महिलाओं ने लोगों को देश के वीर शहीदों के बारे में जागृति फैलायी। पद यात्रा आरसीडब्लूए अध्यक्ष 106 रैफ की श्रीमती बबिता सिंह के नेतृत्व में निकाली गयी। यह पदयात्रा देश की एकता और अखंडता के लिए प्राण न्योछावर करनेवालों को श्रद्धांजलि स्वरूप निकाली जा रही है।

# परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को आयोजित होनेवाले परेड की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिला मुख्यालयों में परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल रविवार को किया गया। इसमें उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक शामिल हुए। उन्होंने परेड और दूसरी तैयारियों का निरीक्षण किया।

## पलामू में मंत्री बादल करेंगे झंडोत्तोलन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। यहां सुबह 9:05 बजे कृषि मंत्री बादल पत्रलेख झंडोत्तोलन करेंगे। समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। रविवार को जवानों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। इसमें डीसी शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। डीसी ने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर-घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की। मौके पर नजारत उप समाहर्ता परितोष प्रियदर्शी और पलामू प्रमंडल के जनसंपर्क उप निदेशक आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लातेहार में डीसी फहरायेंगे तिरंगा झंडा



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होगा। सुबह 9.05 बजे डीसी झंडोत्तोलन करेंगे। रविवार को डीसी हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने फुल परेड रिहर्सल में शामिल होकर समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने लोगों से देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर इस राष्ट्रीय पर्व को मनाने की अपील की। एसपी ने जिले के सभी थानों को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। ग्रामीण इलाकों में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। लोग बड़ी संख्या में तिरंगा खरीद रहे हैं और अपने घरों पर लगा रहे हैं।

## लोहरदगा में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे झंडोत्तोलन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्थानीय बीएस कॉलेज स्टेडियम में मुख्य समारोह होगा, जिसमें राज्य के वित्त और खाद्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सुबह 9.05 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल रविवार को संपन्न हुआ। इसमें डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार भी शामिल हुए। परेड में जिला आरक्षी बल (पुरुष), महिला पुलिस बटालियन, गृह रक्षा वाहिनी (पुरुष), सहायक पुलिस बल (पुरुष) और सहायक बल (महिला) की एक-एक, एनसीसी और स्काउट- गाइड की तीन-तीन टुकड़ी शामिल हुई। परेड के बाद दोनों अधिकारियों ने समारोह की तैयारियों की बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# राजेंद्र साहू पर हमले के खिलाफ बंद रहा बालूमाथ, पसरा सन्नाटा

**पुलिस ने अपाची बाइक बरामद की, तीन लोगों को हिरासत में लेकर कर पुछ ताछ जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बालूमाथ।** बालूमाथ में भाजपा के कद्दावर नेता सह पूर्व जिला परिसद उपाध्यक्ष वो कोयला व्यवसायी राजेंद्र साहु पर दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार गंभीर रुप से घायल कर दिये जाने के बाद आज घटना के दुसरे दिन आक्रोशित सैकड़ो समर्थको ने शहर में पैदल घुम घुमकर सभी दुकानों को बंद कराया गया है। जिससे बालूमाथ बंद से अघोषीत करफ्यू सा सन्नाटा पसरा हुआ है। कल यानी शनिवार को बालूमाथ के कोयला व्यवसायी सह भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व जिला परिषद् उपाध्यक्ष लातेहार और पूर्व चतरा लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद साहू पर अज्ञात अपराधियों ने लगार फायरिंग कर गोली मार दिया। अपराधियों ने झरिवा टोला के दून स्कूल के समीप फायरिंग की है। इस गोलीबारी की घटना में राजेंद्र साहु को चार गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उनकी स्थिति अब भी नाजुक बतायी जा रही है। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया था पर उनका इलाज मेडिका में किया जा रहा है।

घटना के बाद लातेहार जिला एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व मे रात भर पुलिस अपराधियो के विभिन्न ठीकानो पर छापामारी अभियान चलाकर बालूमाथ थाना पुलिस ने घटना स्थल से अपराधियो का सफेद रंग की अपाची बाईक नंबर जेएच3एन/1889 और तीन लोगों को हिरासत मे ले कर पुछताछ कर असली अपराधियो को पता कर रही है।

## दिलों में देशभक्ति की भावना प्रदर्शित करता है तिरंगा : कवलजीत सिंह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज सामाजिक विचार मंच के संयोजको के द्वारा घर घर जाकर तिरंगे झंडे का वितरण किया गया और लोगों से अपील की गयी कि अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाये। इस मौके पर सामाजिक विचार मंच के संयोजक सह लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने लोगों से अपील कर कहा कि तिरंगा देशभक्ति भावना की पहचान है और यह तिरंगा बलिदानियों की पहचान हैं, हम लोगों का उद्देश्य हैं कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक घर में तिरंगा लगे इसलिए लोगो से अपील कर रहे हैं और तिरंगा भी वितरित कर रहे हैं। इस अवसर पर सामाजिक विचार मंच के



संयोजक मनोज गुप्ता ,विनोद सिंह, सोहन साहू, सँजीव शर्मा आदि ने पतरा टोली उपनगरीय क्षेत्र में झंडे का वितरण किया वहीं दूसरी ओर सामाजिक विचार मंच के संयोजक संदीप भगत, कवलजीत सिंह, सीताराम गुप्ता, संतोष केरकेटा, सत्येंद्र शर्मा राजू यादव,बरज सिंह,मो बबलू के द्वारा नदिया, हरमू, कचहरी मोड, न्यू रोड सहित अन्य क्षेत्रो में तिरंगे झंडे का वितरण कर प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने की अपील की गयी।

## सीआरपीएफ के जवानों ने निकाली बाइक रैली

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 158वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। जिसमें राहुल कुमार, कमांडेंट-158 बटालियन के नेतृत्व में बटालियन में मौजूद सभी अधिकारियों तथा जवानों ने मिलकर मोटरसाइकिल से बाइक रैली निकाली। यह बाइक रैली 158 बटालियन मुख्यालय से शुरू होकर पूरे लोहरदगा में भ्रमण करने के पश्चात मुख्यालय में समाप्त की गयी। बाइक रैली के दौरान स्थानीय लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को अपने-अपने भवनों/परिसरों में फहराने हेतु प्रेरित किया और भारतीय झंडा संहिता, 2002 में निहित दिशा-निर्देशों के आधार पर राष्ट्रीय ध्वज



के सही ध्वजारोहण के बारे में भी बताया गया। साथ ही 15 अगस्त 2023 को भारत के स्वतंत्रता दिवस को उसी उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। बाइक रैली के समापन के पश्चात बटालियन मुख्यालय में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जवानों ने हाथ में मिट्टी लेकर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों, दायित्वों का पालन करने और प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए शपथ भी लिया।

## विधायक डॉ एसबीपी मेहता ने की हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत



**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने भाजपा के हर घर तिरंगा यात्रा की शुरूआत नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड मुख्यालय से किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के निर्देश पर पूरे देश में 13 से 15 अगस्त तक संचालित हो रहा है। इस क्रम में हर घर पर तिरंगा ध्वज फहराना है। इसे लेकर कार्यकर्ता प्रत्येक घर तक पहुंच कर राष्ट्रीय ध्वज को पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहां कि विगत वर्ष भी झारखंड पूरे देश में हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में भूमिका रही थी। सैकड़ों मोटरसाइकिल से भारत माता की जय उद्घोष साथ तिरंगा यात्रा नीलांबर पीतांबर बाजार होते तरहसी प्रखंड मुख्यालय के पश्चात पांकी प्रखंड मुख्यालय में भ्रमण करने के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, रविंद्र पासवान, सुरेंद्र सिंह, लाल प्रसाद यादव, साधु माझी सहित सैकड़ों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने चार बाइक को रौंदा, एक घायल



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** रविवार को एन एच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बलराम ठाकुर के घर के सामने दुसुलमी में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी दो बाइक और दो स्कूटी को रौंदते हुए पास में रखें ईंट के ढेर पर चढ़ गयी। इस घटना में पास में बर्तन मल रही चांदनी देवी घायल हो गयी, जिन्हें नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि स्कार्पियो सवार सभी सुरक्षित हैं। घटना लगभग शाम 5:00 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कॉर्पियो मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी जिसका अचानक संतुलन बिगड़ गया और बलराम ठाकुर के घर के सामने लगे चार दो पहिया वाहन को रौंदते हुए पास में रखे ईंट के ढेर पर चढ़ गयी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। जिसके बाद सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी घटनास्थल पर पहुंचे और जामकर्ताओ को समझा-बुझाकर जाम हटाया।

## पाखर में भालू ने किशोर को किया घायल

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत पाखर पठारी क्षेत्र में एक बार फिर से जंगली भालू के धमक से लोगों में दहशत फैल गया है। किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाखर पटिया पानी जंगल में जंगली भालू के काटने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान पाखर पटिया पानी निवासी मंगल नगेसिया पिता जगदीश नगेशिया के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि जंगली भालू के हमला में किशोर के सिर और पैर में गहरी चोटे आयी है। परिजनों के द्वारा घायल अवस्था में तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मामले की जानकारी ग्राम पंचायत पाखर की मुखिया फुलमनी देवी



और समाजसेवी रंथु उरांव को मिलने के बाद तत्काल सदर अस्पताल पहुंचे और अपनी देख-रेख में भालू के काटने से घायल हुए किशोर का इलाज कराया जा रहा है। साथ ही मुखिया फुलमनी देवी ने परिजनों को घटना को लेकर वन विभाग को लिखित आवेदन दिए जाने की बात कही। ताकि विभाग से पहल कराते हुए यथाशीघ्र सरकारी प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिलाया जा सके।

## कचरा डंप के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपा आवेदन

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के स्थित किनामाड़ के ग्रामीणों ने नगर पंचायत द्वारा घर के आस-पास कचरा गिराने को लेकर अनुमंडल पदधिकारी के नाम आवेदन सौंपा है। उन्होंने दिये आवेदन में कहा है कि नगर पंचायत लातेहार के द्वारा हम लोगों के घर के सामने कचरा फेंका जा रहा है जिसमें बरसात के मौसम में गंदगी फैलता जा रहा है तथा दुर्गंध काफी आ रहा है जिससे बीमारी फैलने का डर है। इस कचरा में मवेशी पुरा दिन सड़े-गले समान को खा रहे है। जिससे मवेशी की भी जान माल की क्षति हो सकती है। उन्होंने आगे बताया कि बगल में केंद्रीय विद्यालय लातेहार स्कूल है जहां बच्चों को लगातार आना-जाना रहता है।



उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार से कचरा फेंकना बंद करने की मांग की है। वहीं आवेदन देने वालों में अनिल कुमार, प्रकाश कुमार, सरवन प्रजापति, जोसेफ केरकेट्टा, प्रेम मिस्त्री, पुष्पा कुमारी, सीमा कुमारी, ममता देवी, निरसा देवी समेत कई लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया है।

## 'प्रवासी पक्षियों' ने चतरा को अभी तक चुगा है: बली यादव

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के मनिका निवासी राजनीति में सक्रिय रहे बली यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र को अभी तक प्रवासी परिंदा चुगा है। हम सभी को अभी तक स्थानीय प्रत्याशी नहीं मिलने के कारण जो भी बाहरी सांसद बने वह चतरा को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कई नेताओं ने अगड़ी और पिछड़ी का नारा देकर चुनाव में झूठा वादा किया। और चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास के मामले में कोसों दूर कर दिया है। अब समय आ गया है हम सभी को सूझबूझ से अबकी बार लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय सांसद बनाना है। उन्होंने चतरा लोकसभा



क्षेत्र के लोगों से अपील कर कहा कि आम लोगों के मान सम्मान और विकास के लिए मुझे साथ दें मैं आपके घर का बेटा हूं। हर समय आपके बीच रहूंगा। स्टील फैक्ट्री का सपना दिखाकर चतरा संसदीय क्षेत्र के लोगों को ठगा गया है। उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय यहां का स्थानीय प्रत्याशी का होगा तभी यहां के जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं का निपटारा होगा।

## बुनियादी सुविधाओं के साथ पांकी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है चहुंमुखी विकास : विधायक

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के दरूडीह में रविवार को उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल तोड़कर की। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं पर विशेष रूप से काम हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में कई उप स्वास्थ्य केंद्र जर्जर अवस्था में थे। जिस कारण वहां स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में परेशानी होती थी। स्वास्थ्य उप केंद्र बन जाने से यहां के ग्रामीणों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पांकी विधानसभा



क्षेत्र में कई सड़क और भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया है। कहा कि वे क्षेत्र में विकास के प्रति अग्रसर हैं।

विधानसभा क्षेत्र में रेलवेज लाइन बने इसके लिए आवाज उठाये हैं। कई मुद्दों को मजबूती के साथ विधानसभा में रखने का काम किया है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद, मुखिया बिगन महतो, सहायक अभियंता सचिन कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बैंड-बाजे के साथ राजधानी एक्सप्रेस का किया स्वागत

**लोहरदगा स्टेशन से जानेवाले यात्रियों को फूलमाला पहनाकर उन्हें दिया गया सम्मान**

**राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में कार्यरत टीटी और कर्मचारियों को पेन देकर उनका आभार व्यक्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार शाम 6.10 बजे राजधानी एक्सप्रेस लोहरदगा रेलवे स्टेशन ठहराव का शुभारंभ होते ही लोहरदगा वासियों के चिरकाल की प्रतीक्षा समाप्त हुई। इस अपार खुशी के मौके में लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकरिणी समिति के साथ सदस्यों ने भी ट्रेन का हृदय से बैंड बाजे का धुन के साथ स्वागत किया। हालांकि रेलवे विभाग द्वारा इस खुशी के मौजे पर



चैंबर ऑफ कॉमर्स को किसी भी प्रकार का जानकारी या निमंत्रण नही दिया गया था। फिर भी चैंबर द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को चैंबर के सदस्यों द्वारा बुके देकर और माला पहनाकर, उपस्थित यात्रियों को माला पहनाकर तथा राजधानी एक्सप्रेस के कर्मचारियों को पेन देकर स्वागत किया गयावतथा इनकी यात्रा मंगलमय हो इसकी हृदय से कामना की गयी।

## खेतों तक पानी पहुंचाना मोदी सरकार की प्राथमिकता: वीडी राम

**पलामू, चतरा और औरंगाबाद के सांसद ने किया उतर कोयल सिचाई परियोजना का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** उतर कोयल मंडल डैम निर्माण में आ रही सभी रुकावटों को पूर्ण कर लिया गया है। अब निर्माण कार्य मे तेजी आयेगी। उक्त बातें पलामू सांसद बीड़ी राम ने कही। वे रविवार को बिहार के औरंगाबाद से सांसद सुशील कुमार सिंह, चतरा सांसद सुनील सिंह व भाजपा के वरीय



नेता बिनोद कुमार सिंह के साथ मंडल डैम निर्माण का निरीक्षण के उपरांत हुसैनाबाद शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। प्रेस वार्ता के दौरान मंडल डैम का निर्माण कर रही कंपनी वाप्कोस के वरीय पदाधिकारी एचएस संधू भी मौजूद थे। पलामू सांसद श्री राम ने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों के वजह से निर्माण कार्य धीमी चल रही थी। लेकिन निर्माण कंपनी के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि अब कार्य ससमय पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंडल डैम निर्माण के लिए केंद्र की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह ने कहा कि मंडल डैम निर्माण में आ रही सबसे बड़ी रुकावट विस्थापितों को पुनः मुआवजा का भुगतान करना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इससे निर्माण कार्य मे तेजी आयेगी। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मंडल डैम निर्माण कार्य मे विलंब का कारण राज्य सरकार का अपेक्षित सहयोग नही मिलना है। उन्होंने कहा कि मंडल डैम मोदी सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना से 1.12 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। भाजपा नेता बिनोद सिंह ने क्षेत्र के खेतों को सिचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर पलामू सांसद से जीरो आरडी सिचाई परियोजना की आवाज को संसद में उठाने का आग्रह किया। ताकि क्षेत्र के असिंचित भूमि को सिंचित किया जा सके।

## हुसैनाबाद में बनेगा रजवार भवन: विधायक

**सुहैल देव की प्रतिमा भी की जायेगी स्थापित, तोरण द्वार भी बनेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद टाउन हाल में रजवार महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन भारतीय रजवार विकास संघ हुसैनाबाद ने आयोजित किया। सम्मेलन में रजवार समाज ने मुख्य अथिति के तौर पर हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह को आमंत्रित किया। मौके पर पहुंचे अतिथियों का समाज की ओर से भव्य स्वागत



किया गया। उन्हे राष्ट्रवीर चक्रवर्ती सम्राट महाराज सुहैल देव की तस्वीर भेंट किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में रजवार समाज की स्थिति काफी बदहाल है। सभी ने इन्हे इस्तेमाल किया, किसी ने ईमानदारी से इनके उत्थान के लिए कार्य नहीं किया। हुसैनाबाद के रजवार समाज के साथ एनसीपी हमेशा खड़ी है। इनके सुख दुःख में वह हमेशा साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि रजवार भवन का वह निर्माण कराने के साथ साथ सुहेल देव जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि रजवार विकास संघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत रजवार ने कहा कि हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा रजवार को उचित स्थान देने के लिए उन्हे धन्यवाद दिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार सिंह रजवार समाज को जो सम्मान दिया है, उसे भुला नहीं जा सकता। सम्मेलन का संचालन ओपी रजवार ने किया। सम्मेलन में रामनाथ ब्यास ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर जुगा रजवार, डॉ लखदेव रजवार, महेंद्र रजवार, शंकर रजवार, रामनाथ ब्यास, जुगा रजवार, ओमप्रकाश राजवंशी मुखिया, प्रमोद रजवार के अलावा हजारों की संख्या में समाज के महिला पुरुष मौजूद थे

# बागीटांड़ स्टेडियम पहुंचीं उपायुक्त परेड निरीक्षण कर पूर्वाभ्यास को देखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा स्थित बागीटांड़ स्टेडियम में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान और परेड निरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जायजा लिया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। जीप पर सवार होकर उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया और संयुक्त रूप से उपायुक्त और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और पुलिस बल के जवानों द्वारा राष्ट्र गान गाया गया। उपायुक्त और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने परेड में भाग ले रहे। प्लाटून का हौसला अफजाई करते हुए 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूरे जोश के साथ परेड करने को कहा।

इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक व अन्य मौजूद रहे।

## जयनगर प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के मुख्य जगह पर होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम के समय सारणी को निश्चित किया है। प्रखंड कार्यालय जयनगर में झंडोत्तोलन का समय प्रातः 8:40 बजे, प्रखंड पशु चिकित्सालय में 9:00 बजे, पंचायत भवन जयनगर पश्चिम में 9:15 में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर में 9:30 बजे, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 9:50, थाना परिसर जयनगर में 10:10 एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जयनगर में 10:30 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया जायेगा।

## विद्युत की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**सतगावां।** थाना क्षेत्र माधोपुर में विद्युत की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि माधोपुर निवासी सदानंद यादव का एक बैल मवेशी खेतों में चारा खाने के लिए गया थे जो अचानक विद्युत तार के चपेट में आ गया।

## बीडीओ ने छात्राओं को दी निर्वाचन संबंधी जानकारी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्राओ को लोकसभा निर्वाचन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और इस देश में मतदान करना अपने आप में गर्व की बात है। वैसे युवक और युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है, निश्चित तौर पर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करें।

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** प्रखण्ड के समलडीह पंचायत अंतर्गत कृषि फार्म, अमृत वाटिका सतगावां में रविवार को अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत शिलापट्ट का उद्घाटन, झंडोतोलन, पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि यह देशव्यापी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के सभी राजस्व गांवों से कलश में मिट्टी संग्रह कर पंचायत भवन लाया जायेगा।

पंचायत भवन में कार्यक्रम करते हुए उसे समूह में प्रखण्ड मुख्यालय कलश यात्रा निकालते हुए पहुंचाया जायेगा और इन कलशों को दिल्ली तक पहुंचाने का कार्यक्रम होगा। पौधरोपण किया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नौशाद आलम
15 सूत्री कार्यक्रम सदस्य
सह- पूर्व जिलाध्यक्ष
जेएमएम युवा मोर्चा, कोडरमा

आदर्श विद्या मंदिर
तिलोकरी, प्रखंड जयनगर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीलकंठ वर्णवाल
प्राचार्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मदन मुंडा
महिला थाना प्रभारी
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. परिमल तारा
सदर अस्पताल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार यादव
विधायक
बरकट्ठा विधान सभा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संगीता देवी
मुखिया
हीरोडीह पंचायत
जयनगर
निवेदक : मनोहर यादव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शशांक कुमार सिंह
जिला संयुक्त सचिव
झारखंड मुक्ति मोर्चा
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज सिंह
अध्यक्ष
उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ
घंघरी प्रक्षेत्र

एडमंट ग्लोबल स्कूल
पिपचो, प्रखंड जयनगर, कोडरमा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार राणा
प्राचार्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान भारती उच्च विद्यालय, परसाबाद
ज्ञान भारती +2 उच्च विद्यालय, परसाबाद
प्रखण्ड .जयनगर,जिला.कोडरमा (झारखंड)
कक्षा नर्सरी से +2 तक, आवासीय सह शिक्षा
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
अरुण कुमार यादव
निदेशक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुणा कुमारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
जयनगर, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. कुलदीप कुमार
सदर अस्पताल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीषा कुमारी
वरिष्ठ शाखा प्रबंधक
बैंक आफ इंडिया
जयनगर, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15 AUGUST
डॉ. प्रशांत उपाध्याय
सदर अस्पताल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
INDIA
SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कोडरमा बाजार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक सिंह
प्रखंड अध्यक्ष झामुमो
सह पंचायत समिति सदस्य
निवास स्थान डंडाडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभिषेक
सदर अस्पताल
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15 AUGUST
इस्लाम अंसारी
20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष
जयनगर, बेको, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15 AUGUST
राजकुमार यादव
प्राचार्य
डीएवी पब्लिक स्कूल, आल्हो
प्रखंड जयनगर, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्ना प्रसाद यादव
प्राचार्य
मां गंगा पब्लिक स्कूल
ग्राम मधवाटांड, पंडियाडीह
जयनगर
निदेशक : सेनि शिक्षक गंगाधर यादव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदर्शन प्रसाद
प्रोपराइटर
तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज
मोदी मुहल्ला, जयनगर
गृह निर्माण के लिए संपर्क करें
नेरोलैक रेग पेंट एवं सिमेंट
सरिया हार्डवेयर विक्रेता
मो न. 8294945335

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आर अंसारी
परसाबाद स्टेशन रोड
प्रखंड जयनगरर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय विजय कुमार यादव
निदेशक
एसपी राजकमल
मधवाटांड, जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार धोबी
प्रखंड अध्यक्ष
अखिल झारखंड शिक्षक संघ
जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय कुमार
प्रधानाध्यापक
2+ उच्च विद्यालय
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार यादव
पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह समाजसेवी
ग्राम सिंगारडीह
कंद्रपडीह पंचायत
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सकलदेव यादव
प्राचार्य
सर्वोदय उच्च विद्यालय
सतडीहा, जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल चन्द्रा
विशाल स्टील शुभम सिमेंट सेंटर
सिमेंट, टीएमटी सरिया
हार्डवेयर के लिए संपर्क करें
मो. न. 7979780638
कलाली रोड, जयनगर प्रखंड

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in














































































































# मेरी माटी, मेरा देश के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में मेरा माटी मेरा देश के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और मुखियागण ने प्रखंड के कई



पंचायतों में शिरकत किया गया। पंचायतों में आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम शीलाफलकम की स्थापना, पंचप्राण और कई गांव का मिट्टी का संग्रहण, वसुधा वंदन, वीर वंदन और ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इसमें कई पंचायतों के सभी जनप्रतिनिधि मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य एवं पंचायत स्तरीय विभिन्न कर्मी पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी और प्रखंड की सभी ग्रामीण जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भारत माता की जय, वंदेमातरम, वीर शहीद अमर रहे इत्यादि नारों के साथ आजादी के 75 में अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## पुलिस ने लोगों के बीच बांटा तिरंगा झंडा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर आगामी 15 अगस्त को देखते हुए विभिन्न जगहों पर कोडरमा पुलिस के द्वारा लोगों के बीच झंडा का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की शाम तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार के द्वारा झंडा चौक पर दर्जनों लोगों के बीच तिरंगा झंडा बांटा गया इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 15 अगस्त के दिन अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर आजादी का महोत्सव धूमधाम से मनाये। वही पुलिस प्रशासन से झंडा प्राप्त कर लोगों ने गर्व की अनुभूति की एवं 15 अगस्त के दिन निश्चित रूप से अपने घरों में झंडा फहराने की बात कही।

## पूर्व प्रमुख और पंसस ने निकाली जागरूकता रैली



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित मध्य पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्र प्रेम और भक्ति को जागते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, पंचायत समिति सदस्य नितिन चंद्र गुप्ता के द्वारा मध्य पंचायत में जागरूकता रैली निकाली गई व ग्रामीणों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर के ऊपर झंडा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी व पंचायत समिति सदस्य नितिन चंद्र गुप्ता ने कहा कि देश की अखंडता और धर्म के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा है और तिरंगे का अपमान देश का अपमान है। झंडे का सम्मान करना लोगों का पहला धर्म है।

# भाजपा के मीडिया प्रभारी यमुना यादव लापता, थाना में दिया आवेदन

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के मुरकमनायी पंचायत अंतर्गत डुमरगढा निवासी खिरो यादव ने अपने पुत्र यमुना यादव सह भाजपा प्रखंड के मीडिया प्रभारी की गुमशुदगी को लेकर रविवार को मरकच्चो थाना मे आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है। दिए आवेदन मे उन्होंने बताया है कि उनका 40 वर्षीय पुत्र यमुना यादव 12 अगस्त को दिन के लगभग 11 बजे घर से घोडथंभा बाजार जाने का कह कर निकला था। लेकिन वो आज तक घर वापस नहीं लौटा है। यमुना यादव के मोबाईल का दोनों नंबर भी बंद है। आवेदक ने पुलिस से अपने पुत्र के खोजबीन मे मदद की गुहार लगाई है।

## टोटो पलटने से पांच लोग घायल

कोडरमा। थाना अंतर्गत होली फैमिली के समीप रविवार को टोटो पलटने से 5 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान देगनी मासोमात, उम्र उम्र 60 वर्ष पति छोटू सिंह, पूनम देवी उम्र 25 वर्ष पति प्रदीप सिंह दोनों करमा, चालक आजाद अंसारी, उम्र 45 वर्ष ग्राम छतरवार के रूप में हुई है। दो लोगों को हल्की फुल्की चोट लगी है। 5 लोग सवार होकर करमा से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। होली फैमिली के समीप टोटो में पीछे से एक वाहन टक्कर मार देने से टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। टोटो में सवार 5 लोग घायल हो गये।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश यादव
प्रिंसिपल ब्राइट फयूचर प्लस 2 उच्च विद्यालय सिमरिया, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जीतू थापा
उप मुखिया
मेधातरी पंचायत
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
THE RVS
Class PG to X
THE RAMESHSWAR VALLEY SCHOOL
Auditorium | AC Classroom | Play Station | Lift | Big Playground | World Class Furniture
Near Parwati Clinic, Ranchi Patna Road PH - 9876-963-963 / 965-985-9698
ADMISSION OPEN
SHAMROCK GURUKUL
7+Years of Experience
Playgroup To Class V
Near Shani Mandir, Gandhi School Road, Jhumri Telaiya PH - 9835066675

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संदीप कुमार
सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी
आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जयनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार राणा
प्रखंड सचिव, झामुमो जयनगर
एलआइसी अभिकर्ता
जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Pro. Vikash Kr. Modi 9472718394, 8002384005
DELTIC
HARSH TRADERS
Ranchi-Patna Bye-Pass Road, Jhumri Telaiya (Koderma)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्योति कुमारी
पंचायत समिति सदस्य
शैलेश पासवान
सहायक शिक्षक
ग्राम पंचायत शिवपुर, प्रखंड सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद इब्राहिम
भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामधन यादव
अध्यक्ष
जिला परिषद कोडरमा
जिला अध्यक्ष
राजद, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उषा टोपनो
वार्डेन
आवासीय कस्तूरबा गांधी विद्यालय, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
JPS
Affiliation no - 3430604
School Code - 66663
JHARKHAND PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, NEW DELHI UPTO 10+2
Class- Nur. to XIIth SCIENCE, COMMERCE ARTS
Admission Opens
Salaidih, Inderwa (Koderma) Pin - 825410
Mob.- 9934149654, 7488931614, 9939344186
website:-www.jpskoderma.com, email-jpskoderma@gmail.com
FREE ADMISSION FOR GIRLS

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लव कुमार
थाना प्रभारी
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार
डीएन उच्च विद्यालय
जामू रोड, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय यादव
मंडल अध्यक्ष
भाजपा, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यूटन कुमार
प्राचार्य
परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ST. TERESA'S ENGLISH SCHOOL
संत टेरेसा इंग्लिश स्कूल
बासोडीह, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बेदू साव
मुखिया
देवीपुर, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार सिंह
प्रखंड प्रमुख सह
राजद प्रखंड अध्यक्ष
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद अख्तर
सामाजिक कार्यकर्ता
सह राजद नेता
मरकच्चो, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार पांडेय
मुखिया
दक्षिणी पंचायत सह अधिवक्ता
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश कुमार वर्मा
ग्रामीण चिकित्सक
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार रविकांत
साई प्रेरणा
आवासीय विद्यालय
खूंटा, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ सत्यनारायण भक्त
प्रभारी
चिकित्सा पदाधिकारी
सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वैद्यनाथ उरांव
प्रखंड विकास पदाधिकारी
सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र प्रसाद यादव
प्रभारी प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
रामशाला, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार संत
प्रभारी प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
हरिजन टोला, अम्बाबाद, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवनंदन प्रसाद यादव
प्रभारी प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
गजहड, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार
डायरेक्टर
जेएमडी ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल
मीरगंज, सतगावां

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कालीचरण दास
पूर्व एलडीएम
अध्यक्ष प्रत्याशी
नगर पंचायत, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नागेश्वर ठाकुर
प्रधानाध्यापक
आदर्श मध्य विद्यालय
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
SRI RAMKRISHNA MISSION SCHOOL
BEHIND DAKBANGLOW, BARMASIYA ROAD, MARKACHO - 825318
KODERMA (JHARKHAND)
Website - www.srkmission.com, Email- srkmissionschool@srkmission.com
Contact - +91 89695692732, +91 9835793830
श्री रामकृष्ण मिशन स्कूल, मरकच्चो

## डीसी-एसपी ने परेड का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** 15 अगस्त को आयोजित होने वाले 77वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में रविवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। जिसका निरीक्षण डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद डीसी ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान डीसी व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए।

## मारवाड़ी समाज ने कार्यशाला आयोजित कर नयी पीढ़ी को सभ्यता, संस्कृति से कराया अवगत




**झरिया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी समाज की ओर से झरिया के अग्रवाल धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकाता से आई मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया। समाज की महिलाओं को मारवाड़ी सभ्यता, संस्कृति और पर्व-त्योहार की जानकारी दी गई। दीप प्रज्वलन मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, रतन लाल अग्रवाल, जयप्रकाश देवरालिया, अरुण झुनझुनवाला व अरुणा भगानियां ने संयुक्त रूप से किया। महाराज अग्रसेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग का अपनी सभ्यता और संस्कृति से विमुख हो पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित होना समाज के लिए घातक हो रहा है। युवाओं का मार्गदर्शन और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य है। समाज के रीति रिवाज पर प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, प्रमोद जालुका, अरुण बंसल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, महेश जालुका, अनुप लिल्हा, अनिल खरकिया, सरिता जालुका, सुनीता अग्रवाल, शीला चोखानी, किरण खरकिया, मीनू गोयल, सोनम, नीलम, वंदना, सरोज आदि मौजूद थे। वहीं, कोलकाता से आई टीम में अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मोनिका अग्रवाल, सुमन, प्रेमलता थे। गिरिडीह, फुसरो से भी समाज के लोगों ने भाग लिया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा राजद ने मानव श्रृंखला बना किया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शहीद चौक पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले जिला अध्यक्ष बिट्टू मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ मानव श्रृंखला बनाकर जनता को जागरूक करने और आवाज उठाने का आह्वान किया गया। बिट्टू मिश्रा ने कहा कि मीडिया व कार्यक्रम के माध्यम से नगर परिषद के कार्यपालक और सिटी मैनेजर को सूचित किया गया है कि छह महीने पूर्व युवा राजद को 12 सूत्री मांगों पर लिखित आश्वासन दिया गया था। वह आज तक पूरा नहीं हुआ। इस कारण अब युवा राजद नगर परिषद से आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। 14 अगस्त को नगर परिषद के अंदर जा कर बैठेगा। कार्यपालक फिर भी मनमानी पर आतूर रहा तो नगर परिषद का गेट बंद कर दिया जाएगा। 15 अगस्त को युवा राजद द्वारा नगर परिषद् के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा। इस मौके सुनिता सिंह, लालबाबू यादव, फाल्गुनी कुमार (बुमा महतो), सोनू खान, फरहान, विजय साव, अजय रवानी, रोहीत यादव, सज्जाद अंसारी, संतोष साव, ताहीर खान, मोहन यादव, पंकज रवानी, सद्दाम शेख, उपस्थित थे।

## झारखंड मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा शांतिपूर्ण सफल



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** रांची के झारखंड एकेडेमिक काउंसिल की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृति योजना का परीक्षा रविवार को प्रखंड स्तर पर गोमिया प्लस टू उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ। परीक्षा का सफल संचालन जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी विकास कुमार की देखरेख में हुआ। परीक्षा में कुल 225 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 185 उपस्थित और 40 अनुपस्थित थे। इस योजना की शुरूआत झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने की थी। इस योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों को प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों का चयन मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता के आधार पर किया जायेगा। इस योजना को शुरू करने के पीछे झारखंड सरकार का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के अंतर्गत सरकार एक परीक्षा लेगी जिसमें उत्तीर्ण प्रथम 5000 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति 4 वर्षों के लिए मिलेगी। कक्षा 8वीं के छात्र इस योजना में भाग ले सकते हैं। जो छात्र इस योजना से ली गई परीक्षा में सफल होंगे और न्यूनतम 60 फीसदी अंक लाएंगे उन्हें प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस मौके पर विद्यालय के वीक्षक व गोमिया पुलिस उपस्थित थे।

**उत्साह : स्वतंत्रता दिवस के उल्लास में डूबा धनबाद कोयलांचल, भाजपा की तिरंगा यात्रा से पटा शहर**

# तिरंगा यात्रा में जन भागीदारी भारत की नींव को कर रही मजबूत: सांसद

### भाजयुमो ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, शामिल हुए पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजयुमो की ओर से रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें शामिल घोड़ा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। बाइक पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाये। तिरंगा यात्रा में सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी उपस्थित रहे। यात्रा बेकारबांध स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू की गई। जो बेकार बांध होते हुए सिटी सेंटर, हीरापुर पार्क मार्केट, रणधीर वर्मा चौक होते धनबाद स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा पर संगठन को मुख्य रूप से पूरा विश्वास होता है। युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ होती है। यह केवल कहावत नहीं सच्चाई है। राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान युवाओं का ही होता है। अब युवा ही राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए मिल के पत्थर साबित होंगे। राष्ट्र के इस पर्व को जिस आजादी का अमृत महोत्सव कहा गया इसका समापन एक वर्ष बाद हम मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम से कर रहे हैं। तिरंगा यात्रा जन भागीदारी का अभियान है, जो भारत की नींव को मजबूती प्रदान कर रहा है। इसके अलावा भूली मंडल, झरिया के भागा मंडल सहित कई जगह अलग अलग भाजपाईयों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा में महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजयुमो महानगर जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, रमेश राही, नितिन भट्ट, संजय झा, मानस प्रसून, बीरू हांसदा, मिल्टन पार्थसारथी, तमाल राय, प्रियंका रंजन, जयंत चौधरी आदि कार्यकर्ता शामिल थे।






भाजपा युवा मोर्चा की ओर से निकाली गयी तिरंगा यात्रा में शामिल धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा और अन्य।

### विधायक राज सिन्हा ने निकाली पैदल तिरंगा यात्रा

विधायक राज सिन्हा की ओर से धनबाद के बैंकमोड़ स्थित जेपी चौक से रांगाटांड, बेकार बांध, मिश्रित भवन, लुबी सर्कुलर रोड होते हुए शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा चौक तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा में दर्जनों नेता, महिला मोर्चा की नेत्री सहित कई कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

## झरिया में केंद्रीय विद्यालय की मांग को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री से मिलीं पूर्णिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्यतः सिंफर, बीसीसीएल, टाटा, सेल, पुलिस कर्मी, थानेदार, कॉलेज के प्रोफेसर, लेक्चरर, चिकित्सा अधिकारी आदि विभिन्न सरकारी संस्थानों के कर्मी निवास करते है। झरिया में अच्छी और गुणावक्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था के अभाव में ये लोग अपने परिवार को साथ नहीं रख पाते हैं। यदि झरिया में केंद्रीय विद्यालय खुलता है तो इन अधिकारियों के साथ ही क्षेत्र के गरीब परिवार व मजदूरों के बच्चों को भी प्रारंभिक से लेकर उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधायक की मांग पर जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

## जोड़ापोखर के दर्जनों युवकों ने थामा भाजपा का दामन, नेत्री रागिनी सिंह ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भाजपा जोरापोखर मंडल अंतर्गत जोरापोखर बस्ती निवासी नवीन लाल के नेतृत्व में रविवार को दर्जनों युवाओं ने रागिनी सिंह पर आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। सभी का स्वागत करते हुए रागिनी सिंह ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, जोड़ापोखर मंडल अध्यक्ष, अभिषेक पाण्डेय, उमेश महतो, संतोष साव, मोतीलाल, राजू सिंह, राज बाबू, शाहिल कुमार, लकी कुमार, अजय बाउरी, सनिल अंसारी, गोप मुखर्जी, आयुष कुमार, भोला, अशोक कुमार, सूरज कुमार, अजय कुमार, गोपाल सिंह, सुमित कुमार, करन कुमार, गौतम कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार, रणधीर कुमार, रोहित साव, आकाश कुमार मौजूद थे।

## अपने-अपने घरों में तिरंगा लगायें और राष्ट्रीय त्योहार को उत्साह के साथ मनायें: रविंद्र पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** भाजपा बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह के नेतृत्व में फुसरो नप के वार्ड संख्या 14, करगली बाजार स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी क्लब से रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसमें गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय भी मौजूद रहे। इसमें वार्ड संख्या 14 में घर घर झंडा लगाने का कार्य किया गया। पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश का राष्ट्रीय त्योहार है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले वर्ष से हम लोगों ने घर-घर तिरंगा लगाने का कार्य कर रहे है। यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने सभी लोगों से अपने- अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया। आयोजनकर्ता अर्चना सिंह ने कहा कि आजादी की 76वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री के आह्वान पर 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गई है। देश की आन बान एवं शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हर घर में लगे इसके लिए सभी अपने-अपने स्तर से कार्य कर रहे है। इस कड़ी में रविवार को फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 14 करगली बाजार में सभी के घरों में खुद से झंडा बांधा। इस मौके पर भाजपा फुसरो मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी, रमेश स्वर्णकार, प्रशांत सिंह उर्फ सनी, अंजनी सिंह, मदन गुप्ता, यीशु सिन्हा, शशि देवी, आरती शर्मा, सुगिया देवी, मूर्ति देवी, मंजुदेवी, सोना देवी, गायत्री देवी, नीतू देवी, रेनू देवी, सुषमा देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, सुशीला देवी, मीना देवी, रेखा देवी आदि उपस्थित थे।

## डॉ उषा सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया हर घर तिरंगा अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के मकोली सेंटर कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय से पार्टी नेत्री डॉ उषा सिंह की अगुवाई में रविवार को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने घर-घर तिरंगा झंडा लगाकर लोगों को आजादी की 76वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने की अपील है। कहा कि आजादी के 76वीं वर्षगांठ पर एक राष्ट्र के रूप में तिरंगे झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाने का प्रयास ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय शान है। तिरंगा न केवल भारत के हरेक नागरिक से व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। हर घर तिरंगा अभियान की पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गई है। इसी के तहत आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कहा कि स्वतंत्रा दिवस राष्ट्र के लिए एक राष्ट्रीय त्योहार है। इसे देश की शान में हर घर तिरंगा फहरा कर धूमधाम से मनाए। डॉ उषा सिंह को फुसरो नगर मंडल के वार्ड नंबर 6, 7, 8, 9, 10 के प्रभारी बनाए जाने पर सभी बूथ अध्यक्षों को तिरंगा झंडा का वितरण किया। इस मौके पर भाजपा फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री रमेश स्वर्णकार, जिला कार्यसमिति सदस्य मदन श्रीवास्तव, विनय सिंह, सूरज सिंह, दिलीप सिंह, लालमोहन महतो, गणेश यादव, श्रीकांत यादव, अमृत कुमार, बिना देवी, अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।

**जागरूकता : बोकारो में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, गिनायी केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां**

## प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से एयरपोर्ट सहित अत्याधुनिक संसाधनों से लैस हो रहा बोकारो जिला : डॉक्टर प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड के साथ ही बोकारो का भी औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। प्रदानमंत्री और धनबाद के सांसद पीएन सिंह सहित विधायकों के प्रयास से बोकारो एयरपोर्ट जल्द ही चालू होने वाला है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश ने कही। वे रविवार को तिरंगा यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट शुरू होने के बाद बोकारो की गिनती अब हवाई पट्टी वाले मार्ग में हो जाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रयास से अब बोकारो रेलवे स्टेशन भी विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित होगा, जहां यात्रियों के लिए एयरपोर्ट के समान सुविधा मिलेगी। यही नहीं बोकारो देश के बड़े-बड़े नगरों के साथ फोरलेन व सिक्स लेन से जुड़ जाएगा, जिसके बाद बोकारो की गिनती देश के औद्योगिक केंद्र के रूप में होगी। बोकारो में स्थापित होने वाले इंडस्ट्रियल कॉरिडोर देश के उन्नति में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र से विकास का रास्ता साफ होने के बाद भी राज्य की हेमंत सरकार के कारण अब भी कई परियोजना लंबित है। जिस पर विचार किया जाना चाहिए। आरोप लगाया कि संसाधनों से संयुक्त बोकारो के 19 विस्थापित गांव की पहचान हेमंत सरकार ने मिटा दी है। इन गांव में रहने वाले युवाओं का न तो प्रमाण पत्र बन रहा है और न ही किसी सरकारी सुविधा का लाभ ही मिल पा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन सब मामलों में संयुक्त रूप से बोकारो के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सूचित करेंगे, ताकि वह बोकारों की इस बड़ी समस्या का भी समाधान निकाल सकें।

## मनायी गयी स्व रामधनी महतो की 74वीं जयंती

**महुदा (आजाद सिपाही)।** लाल बंगला रामधनी महतो चौक पर रविवार को स्व रामधनी महतो की 74वीं जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामधनी महतो के पुत्र मनोज कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने चिरस्मरणीय रामधनी महतो को याद करते हुए उनके द्वारा किये गए आंदोलन और सामाजिक कार्यो को लोगों के बीच रखा। उनकी जयंती व स्मृति को चिरस्थाई बनाये रखने के लिए मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की।

## न्यूज रील्स

### पीएफआइ केस में एनआइए की पांच राज्यों में रेड

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने रविवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के कई ठिकानों पर छापा मारा। यह छापेमारी केरल के कन्नूर और मलप्पुरम जिलों, कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़, महाराष्ट्र के नासिक और कोल्हापुर, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और बिहार के कटिहार में की गयी। इस दौरान कई डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किये गये।

### यूपी भाजपा मनायेगी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

लखनऊ। भाजपा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' 14 अगस्त पर मौन जुलूस निकाल कर देश के बंटवारे में अपनी जान गंवानेवाले लाखों भाई-बहनों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करके श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। इसके साथ ही पार्टी भयावहता, क्रूरता, अमानवीयता से रक्त रंजित देश के बंटवारे की त्रासदी पर संगोष्ठियों के माध्यम से चर्चा करेगी। प्रदर्शनी में चित्रों, पोस्टर तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से नयी पीढ़ी के समक्ष देश के विभाजन की विभीषिका को प्रदर्शित करेगी। यह जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दी।

# जलवायु परिवर्तन अनुसंधान को लेकर आइएमडी और सोआ के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान मंत्रालय (सोआ) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के बीच शनिवार को जलवायु स्मार्ट कृषि के लिए वायुमंडलीय विज्ञान और जलवायु मॉडलिंग के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव दुनिया भर में महसूस किये जाते हैं। सोआ और आइएमडी कृषि पर जलवायु के प्रभावों और किसानों को कैसे फायदा हो सकता है। इस पर




मिलकर काम करेंगे। आइएमडी के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र और सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

डॉ महापात्र ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो मनोजरंजन नायक से भी शिष्टाचार मुलाकात की। सोआ द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) ने एक साल पहले जलवायु स्मार्ट कृषि केंद्र की स्थापना की है। सोआ और आइएमडी के बीच डेटा, विशेषज्ञता और नवीनतम प्रौद्योगिकी को साझा करने के साथ संयुक्त अनुसंधान किया जायेगा। कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात पर काम किया जाएगा कि कैसे किसान बदली हुई परिस्थितियों में लाभदायक खेती को अपना सकते हैं।

# सोआ और टीसीजी एलएस के बीच अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रासायनिक और जैविक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान पर सहयोग के लिए शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और कोलकाता स्थित टीसीजी लाइफ साइंसेज लिमिटेड (टीसीजीएलएस) के बीच शनिवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के अनुसार सोआ और टीसीजीएलएस राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों के सहयोग से फार्मास्युटिकल और जैव प्रौद्योगिकी उद्योगों से संबंधित अनुसंधान के लिए मिल कर काम करेंगे। सोआ और टीसीजीएलएस संयुक्त रूप से सम्मेलनों, कार्यशालाओं और प्रतिभा स्काउटिंग कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिकों और संकाय को एक



साथ काम करने के लिए बढ़ावा देंगे और प्रोत्साहित करेंगे। पांच साल की अवधि के लिए हस्ताक्षरित एमओयू पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद और टीसीजीएलएस के एसोसिएट उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) अनिर्बान मित्र ने हस्ताक्षर किये।

इस अवसर पर सोआ द्वारा परिचलित स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एसपीएस) के डीन प्रो एससीसी सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (सीबीटी) प्रोफेसर ई. सुबुद्धि और एसपीएस के प्रो प्रताप कुमार साहू के साथ-साथ टीसीजीएलएस के एसोसिएट डायरेक्टर इप्सिता चक्रवर्ती उपस्थित थे। समझौते के अनुसार टीसीजीएलएस के कर्मचारी सोआ प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से नियमित रूप से पीएचडी कर सकते हैं।

## पूर्व तट रेलवे में 30 अगस्त तक प्रमुख आधारभूत संरचना और संरक्षा संबंधी कार्य किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 30 अगस्त की अवधि में हरिदासपुर, भुवनेश्वर, मंचेश्वर, कटक, संबलपुर और संबलपुर सिटी रेलवे स्टेशनों में संरक्षा संबंधी और आधारभूत संरचना से संबंधित विकास कार्य पूरे किये जायेंगे। 17 से 30 अगस्त तक भुवनेश्वर और मंचेश्वर के बीच तीसरी लाइन से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना संबंधी कार्य पूरा किया जायेगा। 17 से 30 अगस्त तक मंचेश्वर रेलवे स्टेशन के लेआउट में बड़े बदलाव संबंधी काम किये जाने की योजना है। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन में सिग्नलिंग प्रणाली की प्रमुख पुनर्व्यवस्था की भी योजना है। हरिदासपुर रेलवे स्टेशन की सिग्नलिंग प्रणाली का कार्य भी 14 से 21 अगस्त, 2023 तक किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान भुवनेश्वर कोच रखरखाव डिपो में प्रवेश और निकास काफी प्रभावित रहेगा। परियोजना कार्य के दौरान प्रतिदिन पूर्व तट रेलवे की औसतन 25 प्रारंभ होने वाली या गुजरने वाली ट्रेनें कुछ दिनों के लिए अस्थायी रूप से रद्द कर दी जायेंगी।

## रामजन्मभूमि के पुजारियों को मिलेगी सरकारी स्तर की सुविधा, सैलरी बढ़ेगी

**अयोध्या।** रामजन्मभूमि के पुजारियों व कर्मचारियों को सरकारी स्तर की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला की सेवा में नियुक्त पुजारियों और कर्मचारियों को अब सरकारी स्तर की सुविधा श्रीराममंदिर ट्रस्ट देगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही पुजारियों व कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। सत्येंद्र दास का दावा है कि अब पुजारी के रहने-खाने और चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ आवासीय भत्ता भी दिया जायेगा। पुजारियों को भी अवकाश दिया जायेगा। रामलला की सेवा में अभी चार पुजारी सहित कुल आठ कर्मचारी तैनात हैं। पुजारियों के वेतन भी बढ़ाये जाने की तैयारी है।

## सफलता के लिए समय के साथ चलना जरूरी: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के मोतीराम अड्डा में वेयरहाउस का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए समय और तकनीकी के अनुरूप चलना होगा। समयानुकूल तकनीकी के अनुरूप न चलने पर प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाने का खतरा होता है। आज का दौर समय के अनुकूल तकनीकी अपनाकर आगे बढ़ने का है। उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022 से प्रेरित होकर 30 करोड़ रुपये के निवेश से यह वेयरहाउस 1.23 लाख वर्गफुट में बनाया गया है। इसका एमओयू फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित किया गया था। इससे करीब एक हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**